www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 24, अंक 355, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 4 जुलाई 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## दिल्ली के भविष्य के लिए 'स्वच्छ हवा, स्वस्थ दिल्ली' प्रोजेक्ट लॉन्च



**नई दिल्ली**

**दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'स्वच्छ हवा, स्वस्थ दिल्ली' प्रोजेक्ट की शुरूआत की घोषणा की। यह सात साल का एक ऐसा प्रोजेक्ट है जिसका मकसद वायु प्रदूषण को कम करना है और इसे वर्ल्ड बैंक से आर्थिक मदद मिल रही है। इस प्रोजेक्ट का मकसद दिल्ली के वायु प्रदूषण को कम करने की योजना में तेजी लाना, 'नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम' के लक्ष्यों को आगे बढ़ाना और 'विकसित भारत 2047' के विजन में योगदान देना है। सितंबर 2026 से अगस्त 2033 तक सभी ज़िलों में लागू होने वाले इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 8,300 करोड़ रुपये है। वर्ल्ड बैंक 65 प्रतिशत फंड देगा, जबकि दिल्ली सरकार बाकी 35 प्रतिशत का खर्च उठाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि 10 जुलाई को होने वाली वर्कशॉप में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा और सभी संबंधित पक्षों के बीच तालमेल बिठाया जाएगा। इस वर्कशॉप में अलग-अलग सरकारी विभागों, मुख्य एजेंसियों और वर्ल्ड बैंक के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे, ताकि सबकी भूमिकाएं स्पष्ट की जा सकें और प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने के लिए रोडमैप तैयार किया जा सके। इस पहल में प्रदूषण के मुख्य स्त्रोतों पर ध्यान दिया जाएगा, जैसे कि ट्रांसपोर्ट से निकलने वाला धुआं, सड़क की धूल, निर्माण और तोड़-फोड़ से निकलने वाला कचरा, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, उद्योगों से निकलने वाला धुआं, हरियाली और जल प्रदूषण।

मुख्यमंत्री ने इस प्रोजेक्ट को दिल्ली के भविष्य के लिए एक लंबे समय का निवेश बताया, जिसका मकसद साफ हवा, बेहतर पब्लिक हेल्थ और टिकाऊ शहरी माहौल देना है। गुप्ता ने इस प्रोजेक्ट के दो मुख्य पहलुओं पर जोर दिया: पहला, एक खास प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट, एडवांस्ड मॉनिटरिंग सिस्टम, डेटा एनालिटिक्स, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और विभागों के बीच बेहतर तालमेल के साथ-साथ लोगों में जागरूकता, ट्रेनिंग और इनोवेशन को बढ़ावा देकर हवा की क्वालिटी को बेहतर बनाना। दूसरा, प्रदूषण फैलाने वाले मुख्य स्त्रोतों से होने वाले उत्सर्जन को कम करने के लिए पुराने वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाना, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना, पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सुधार करना और प्रदूषण नियंत्रण की निगरानी के लिए एक एडवांस्ड सिस्टम विकसित करना। इस प्रोजेक्ट में कई विभाग और एजेंसियां ??शामिल होंगी, जिनमें पर्यावरण विभाग, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड, दिल्ली परिवहन निगम, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, दिल्ली विकास प्राधिकरण, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, दिल्ली छावनी बोर्ड, DSIIDC, DTTDC, DIMTS और अन्य शामिल हैं। इसके अलावा, भारत सरकार का आर्थिक मामलों का विभाग और विश्व बैंक मुख्य साझेदार के तौर पर काम करेंगे।

### राम जन्मभूमि मंदिर चंदे पर संग्राम:

## बीजेपी बोली एसआईटी पर भरोसा रखें, विपक्ष का पलटवार- 'असली चेहरा बेनकाब'



**उत्तर प्रदेश**

**राम** जन्मभूमि मंदिर के लिए मिले दान में कथित हेराफेरी के मामले ने उत्तर प्रदेश में जबरदस्त राजनीतिक हलचल मचा दी है। विपक्ष ने सत्ताधारी बीजेपी पर तीखा हमला बोला है, जबकि सरकार का कहना है कि मामले की पारदर्शी जांच चल रही है। इस मामले पर अठकसे बात करते हुए बीजेपी सांसद दिनेश शर्मा ने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार ने तुरंत कार्रवाई की है। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने रक्ळ जांच के आदेश दिए हैं। रक्ळ जांच चल रही है और पूरी पारदर्शिता के साथ जांच की जा रही है। लोगों को इंतजार करना चाहिए और भरोसा रखना चाहिए। राज्य के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने अठकसे कहा कि पिछली सरकारों के उलट, मौजूदा सरकार भ्रष्टाचार को छिपा नहीं रही है। निषाद ने अठक से कहा भ्रष्टाचार पहले भी होता था, लेकिन सब कुछ दबा दिया जाता था। [भ्रष्ट लोगों को] संरक्षण मिलता था। हालांकि, हमारे कार्यकाल में ऐसे मामलों का खुलासा हो रहा है और दोषियों को सजा दी जा रही है। जांच पर भरोसा रखना चाहिए। आरोपियों को बचाने और जनता को गुमराह करने वाले बयान देने के बजाय, भ्रष्टाचार के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा जब तक फाइल बंद नहीं हो जाती, जांच एक खास प्रक्रिया के तहत चलती है। बिना सबूत के किसी पर आरोप नहीं लगाया जा सकता।

## जैश-ए-मोहम्मद की आतंकी साजिश फेल! गुजरात एटीएस ने 8 आरोपियों को किया गिरफ्तार




**गुजरात**

**पाकिस्तान** अभी भी भारत के खिलाफ आतंकी साजिश को अंजाम देने की फिराक में रहता है. उसका आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद भारत में नेटवर्क फैलाने की कोशिश में था, लेकिन गुजरात एटीएस ने साजिश को नाकाम कर दिया. एटीएस ने शुक्रवार (3 जुलाई) को गुजरात और मध्य प्रदेश से आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया. ये देश में जैश के नेटवर्क को फैलाने का काम कर रहे थे. गुजरात और मध्य प्रदेश से गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अहमद अब्दुल्ला गाजीवाला, इब्राहिम मोहम्मद हुसैन घाघा, मुदस्सिर अब्दुल्ला गाजीवाला, जकारिया दुरानी मोहम्मद अम्मार घाघा, मुफ्ती फौजान इस्माइल दौवा, मोहम्मद अमीन शेरा, मोहम्मद अब्दुल रहमान सावदी और बिलाल दुरानी मोहम्मद अम्मार घाघा के रूप में की गई है।. एटीएस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए आरोपी कथित तौर पर संगठन की आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए गुजरात में एक सक्रिय जैश-ए-मोहम्मद नेटवर्क स्थापित करने के लिए काम कर रहे थे।

## ग्रेटर नोएडा हाउसिंग प्रोजेक्ट धोखाधड़ी

**ग्रेटर नोएडा। केंद्रीय** जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने ग्रेटर नोएडा के एक हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़े कथित धोखाधड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए रुद्र बिल्डवेल प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशक के खिलाफ सक्षम अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। यह कार्रवाई घर खरीदारों के साथ बड़े पैमाने पर हुई धोखाधड़ी की जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर की गई है। सीबीआई के मुताबिक, जांच में ऐसे पर्याप्त प्रमाण मिले हैं, जिनसे यह स्पष्ट होता है।

## व्हाट्सऐप यूजरनेम फीचर पर विवाद! मेटा की टीम ने सरकार से की मुलाकात




**नई दिल्ली**

**भारत** सरकार की तरफ से मैसेजिंग ऐप व्हाट्सऐप को भेजे गए नोटिस के बाद अब कंपनी हरकत में आई है. इससे पहले सरकार ने यूजरनेम फीचर को लेकर नोटिस जारी किया था. टीम मेटा ने मंत्रालय के अधिकारियों से इस संबंध में मुलाकात की है. अधिकारियों ने मीटिंग के दौरान मेटा को इस फीचर से जुड़ी सरकार की चिंता और सोच को लेकर विस्तृत रिपोर्ट की डिमांड की है. साथ ही इस मामले में रिपोर्ट सबमिट करने को लेकर मेटा को तीन दिन का समय दिया है. मेटा ने कहा है कि वह तय समय सीमा के भीतर अपना जवाब मंत्रालय को सौंपेगी.


क्या है पूरा मामला?

दरअसल, पूरा बवाल वॉट्सऐप में यूजरनेम फीचर को लेकर है. मेटा का इंस्टैंट मैसेजिंग ऐप पर यूजरनेम बेस्ट अकाउंट को रोलआउट किया जाना है. इसके लिए कंपनी ने यूजरनेम रिजर्व करने का ऑप्शन दिया. कंपनी ने बताया कि वह इस साल के अंत तक यूजरनेम फीचर को रोल आउट कर देगी.

मेटा को सरकार ने भेजा है नोटिस

इस फीचर को लेकर सरकार ने बुधवार को मेटा को नोटिस भी भेजा था. साथ ही इसे रोलाउट करने के निर्देश दिए थे. इसके अलावा 3 दिन के भीतर जवाब देने को कंपनी को कहा गया था।

## पंजाब कांग्रेस में 'बगावत'!



**पंजाब**

**पंजाब** कांग्रेस में हाल ही में हुए संगठनात्मक बदलावों के बाद मची उथल-पुथल के बीच, वरिष्ठ नेता सुखजिंदर रंधावा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और सीमावर्ती राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति का मुद्दा उठाया। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब पार्टी नेतृत्व द्वारा अमरिंदर सिंह राजा वडिंग को राज्य इकाई का प्रमुख बनाए रखने के फैसले के बाद पंजाब कांग्रेस में आंतरिक असंतोष की स्थिति बनी हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के समर्थक मोरिंडा स्थित उनके आवास पर जमा हुए, जबकि कई पूर्व विधायक उन्हें राज्य अध्यक्ष बनाने की मांग कर रहे हैं। पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम रंधावा ने बाद में पत्रकारों को बताया कि उन्होंने लगभग एक महीने पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य में गैंगस्टरों के दबदबे, जबरन वसूली और खासकर पंजाब के सीमावर्ती।

## रक्षा अधिग्रहण परिषद ने सैन्य उपकरणों को दी मंजूरी



**नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने रक्षा बलों के लिए लगभग 52,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले विभिन्न अधिग्रहण प्रस्तावों को 'आवश्यकता की स्वीकृति' यानी सैद्धांतिक प्रशासनिक मंजूरी दी। रक्षा मंत्रालय ने इस बात की जानकारी दी है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सेना के लिए, एंटी-अनमैन्ड एरियल व्हीकल इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम 'आकाश तरंग', मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम, मीडियम रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल वेपन सिस्टम, वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम , टैंकों के लिए एक्टिव प्रोटेक्शन सिस्टम और जेट-बेस्ड कामिकेज ड्रोन सिस्टम की खरीद को मंजूरी दी गई। आकाश तरंग सेना की टुकड़ियों को एंटी-UAV सुरक्षा देगा। MPATGM दुश्मन के मैकेनाइज्ड खतरों का मुकाबला करने की इन्फैंट्री की क्षमता को बढ़ाएगा। टफ्रअट सिस्टम कई तरह के दूर से होने वाले हवाई खतरों के खिलाफ मध्यम दूरी की हवाई सुरक्षा देता है। मल्टी-स्पेक्ट्रल सेंसिंग वाला V-SHORADS भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की क्षमता और असर को बढ़ाएगा। एक्टिव प्रोटेक्शन सिस्टम टैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और उनके बचे रहने की क्षमता को बढ़ाने में सक्षम होगा। जेट-बेस्ड कामिकेज ड्रोन बेहतर इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर क्षमता के साथ-साथ ज्यादा घातक और सुरक्षित होने के साथ-साथ किफायती भी हैं।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ : मंदिर चढ़ावा चोरी पर संघ ने जारी किया बयान

## चोरी की घटना से राम भक्तों की श्रद्धा को आघात पहुंचा



**नई दिल्ली। अयोध्या** स्थित श्री रामलला मंदिर में चढ़ावे से जुड़ी कथित चोरी की घटना को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने कड़ा रुख अपनाया है। संघ ने इस घटना को केवल एक सामान्य आपराधिक मामला नहीं, बल्कि करोड़ों राम भक्तों की आस्था और श्रद्धा पर गंभीर चोट बताया है। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मंदिर की व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग की है।


फ्रर का बयान: आस्था से जुड़ा गंभीर मामला

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की ओर से जारी बयान में कहा गया कि श्री राम जन्मभूमि पर निर्मित भव्य मंदिर लंबे संघर्ष और करोड़ों भक्तों के समर्पण का प्रतीक है। यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि पूरे हिंदू समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है। बयान में कहा गया कि मंदिर के दान पात्रों से धनराशि की चोरी की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। संघ ने जोर देकर कहा कि इस घटना को सामान्य चोरी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे आस्था से जुड़े गंभीर अपराध के रूप में समझना होगा।

SIT जांच और प्रशासनिक कार्रवाई

आरएसएस ने जानकारी दी कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के आग्रह पर उत्तर प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया है। जांच प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और शुरूआती सिफारिशों के आधार पर कानूनी कार्रवाई भी आगे बढ़ाई जा रही है। संघ ने स्पष्ट कहा कि जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ कानून के तहत कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## 20 जुलाई से शुरू हो सकता है संसद का मॉनसून सत्र, कई अहम विधेयकों पर रहेगी नजर



**नई दिल्ली। संसद** का आगामी मॉनसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार यह सत्र करीब तीन सप्ताह तक चल सकता है, हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। सामान्य तौर पर मॉनसून सत्र चार सप्ताह का होता है और इसमें लगभग 20 बैठकें आयोजित की जाती हैं, लेकिन इस बार बैठकों की संख्या कम रहने की संभावना व्यक्त की जा रही है। राजनीतिक दृष्टि से यह सत्र काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि कई राज्यों की बदलती राजनीतिक परिस्थितियों और विभिन्न दलों के भीतर जारी उठापटक का असर संसद में भी देखने को मिल सकता है।राजनीति मॉनसून सत्र ऐसे समय में प्रस्तावित है जब कई राजनीतिक दलों में अंदरूनी बदलाव और सांसदों के पाला बदलने की चर्चाएं तेज हैं। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा है कि कुछ दलों के सांसदों ने नए राजनीतिक रुख अपनाए हैं, जिससे संसद के दोनों सदनों में शक्ति संतुलन प्रभावित हो सकता है। ऐसे में विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच कई मुद्दों पर तीखी बहस देखने को मिल सकती है।

लोकसभा स्पीकर के सामने कई अहम फैसले

सूत्रों के मुताबिक कुछ सांसदों द्वारा अलग गुट की मान्यता संबंधी प्रस्ताव भी लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष लंबित हैं। माना जा रहा है कि सत्र शुरू होने से पहले या उसके दौरान इन मामलों पर निर्णय लिया जा सकता है।

## दिल्ली में और हाईटेक होगा ट्रांसपोर्टेशन



**नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाए जाने की दिशा में एक बेहद अहम कदम उठाया गया है. दिल्ली सरकार की ओर से 7 जुलाई को 300 नई वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों को बेड़े में शामिल कर जनता को समर्पित किया जाएगा. इन अत्याधुनिक ई-बसों के सड़कों पर उतारे जाने के बाद दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन का स्तर पहले से कहीं अधिक हाईटेक और सुविधाजनक कर दिया जाएगा.

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं नई बसें

इन नई ई-बसों को कई अत्याधुनिक और स्मार्ट सुविधाओं से लैस किया गया है. यात्रियों की सुरक्षा को पुख्ता किए जाने के लिए बसों के भीतर सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम और आपातकालीन पैनिक बटन लगाए गए हैं. इसके अलावा, महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए 'पिंक सीट्स' का भी विशेष प्रावधान किया गया है. दिव्यांग यात्रियों और बुजुर्गों को बसों में चढ़ने और उतरने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए बसों को पूरी तरह से 'लो-फ्लोर' और सुगम बनाया गया है. ई-टिकटिंग मशीन और कॉन्टैक्टलेस भुगतान की सुविधा को भी इन बसों से जोड़ा गया है.

प्रदूषण मुक्ति और भविष्य का लक्ष्य

राजधानी में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित किए जाने में इन ई-बसों से बड़ी मदद मिलने की उम्मीद जताई जा रही है. इन बसों के संचालन से कार्बन उत्सर्जन को पूरी तरह शून्य स्तर पर लाया जा सकेगा. यह स्पष्ट किया गया है कि पुराने डीजल और सीएनजी वाहनों के स्थान पर धीरे-धीरे इलेक्ट्रिक वाहनों को ही प्राथमिकता दी जा रही है.

सरकार की तरफ से यह लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि आने वाले कुछ वर्षों में दिल्ली के संपूर्ण सार्वजनिक परिवहन बेड़े को 100% इलेक्ट्रिक बस नेटवर्क में तब्दील कर दिया जाए. 7 जुलाई को होने वाले इस बड़े लॉन्च के साथ ही दिल्ली की सड़कों पर ई-बसों की संख्या में भारी इजाफा दर्ज किया जाएगा. इस नई सौगात से आम यात्रियों को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत पहुंचाई जा सकेगी और उनके रोजमर्रा के सफर को और अधिक आरामदायक बनाया जा सकेगा।

## योगी आदित्यनाथ ने मेदांता पहुंचकर महंत नृत्य गोपाल दास का जाना हाल, आईसीयू में हैं भर्ती



**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मेदांता अस्पताल पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के स्वास्थ्य का हाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की.अयोध्या स्थित राम मंदिर से जुड़े श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास का स्वास्थ्य खराब होने के बाद उन्हें यहां मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया गया था.

अस्पताल के मुताबिक महंत नृत्य गोपाल दास (89) को 29 जून को दोपहर लगभग 1:30 बजे आपातकालीन विभाग में लाया गया था. उस समय वे अचेत अवस्था में थे. प्रारंभिक जांच में उन्हें मूत्र मार्ग में संक्रमण की पुष्टि हुई है. वर्तमान में उनका उपचार क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. दिलीप एवं उनकी टीम की निगरानी में चल रहा है. उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम 24 घंटे सतत निगरानी रख रही है. उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा आवश्यक उपचार किया जा रहा है.

पहले भी हो चुकी थी तबीयत खराब

यहां बता दें कि महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत जनवरी में बिगड़ गयी थी, तब भी उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वे ठीक हो गए. उस वक्त भी सीएम योगी उनका हाल-चाल लेने अस्पताल पहुंचे थे. फिलहाल उनके स्वास्थ्य को लेकर सभी ने जल्द ठीक होने की कामना की है.

# महाकुंभ-2025 को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार यूपी के डिजिटल मॉडल की देशभर में सराहना

**उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व को देते हुए कहा कि इनके निर्देशन में महाकुंभ-2025 को नई दिशा और पहचान मिली।**

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** महाकुंभ-2025 को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार मिलने पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक क्षमता और तकनीक आधारित सुशासन की बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ-2025 ने भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक मंच पर भव्य रूप से प्रस्तुत करने के साथ-साथ डिजिटल नवाचार और आधुनिक प्रशासन का भी उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। उन्होंने इसे ह्नदिव्य, भव्य और डिजिटल रूप से सशक्त आयोजनह्व बताया।

मंत्री ने कहा कि इससे पहले महाकुंभ को स्वच्छता उत्कृष्टता पुरस्कार भी मिल चुका है और अब ई-गवर्नेंस में राष्ट्रीय सम्मान मिलना यह साबित करता है कि उत्तर प्रदेश ने आयोजन, प्रबंधन और तकनीकी उपयोग में नए मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व को देते हुए कहा कि इनके निर्देशन में महाकुंभ-2025 को नई दिशा और पहचान मिली।

ए.के. शर्मा ने आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा बलों, स्वच्छता कर्मियों और तकनीकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनके समर्पण और परिश्रम से यह आयोजन वैश्विक स्तर पर एक मॉडल के रूप में स्थापित हुआ है।

# कोराँव तहसील में कुछ लेखपालों की नियुक्ति बपौती हुई अधिकारी भी हैं डरते



**कोरांव।** प्रयागराज के तहसील कोराँव में लोकल लेखपाल ऐसे भी हैं जिन्हे ट्रांसफर करना बड़ा कठिन होता है. क्योंकि लेखापाल कुछ अपने रसूख और धन बल के जरिये मनमानी तैनाती करा लेते हैं और लोकल रिस्तेदारियों के दबाव प्रभाव में आ कर किसानों के एक पक्छ से मिलकर कार्यवाही करते हैं।

दरअसल साशनादेश के तहत लोकल राजस्व करमी अपने गृह इलाके की तहसील में नियुक्ति नहीं हो सकता किन्तु अधिकारी आँख मुद कर स्वार्थ में आकर तैनात कर देते हैं. जिस कारण भूमि विवाद की तादाद बढ़ गई. फर्जी निस्तारण भी तेजी से हो रहा है. कुछ नाए लेखपाल तहसील मे आए हैं लेकिन लोकल लेखपाल मलाई काटने वाले गांव चुनिंदा एसडीम पर दबाव बना के तैनाती करा लिए. और मनमानी लूट पात शुरू किये हैं।

चर्चा है की जिस लेखपाल के विरुद्ध डीएम ने एसडीम से खुद कार्यवाही को कहां उसे हटाने के बजाय शिकन्दर बना दिया. और पूर्व एसडीम के आदेश और कार्यवाही को भी ग्राम सभा महुली में पलटवा दिया. एक ग्राम सभा अल्हवा के वर्ष 2021 से ले कर अब तक भूमि गरीबों को पट्टा देने में आना कानी पर डीएम आयुक्त के आदेश के बावजूद तथा तहसीलदार एवं एसडीम कोराँव द्वारा आवंटन पत्रावाली तलब करने के बावजूद भी नहीं दे रहा. जो बड़े शर्म की बात है और आश्चर्य भी?. क्या एक लेखपाल न ग्राम प्रधान की सुन रहा न ही तहसीलदार की सुन रहा न ही एसडीम की और न ही सी आर ओ की. उक्त लेखपाल ने भू मम्माफियाओ के विरुद्ध तहसीलदार कोर्ट से पारित जुमार्ना बेदखली आदेश के बाद भी चकमार्ग अतिचारियों को दण्डित नहीं करा रहा. तहसील अधिकारी असहाय दिख रहे.उक्त लेखपाल पर अनगिनत आई जी आर एस का निस्तारण कर महारात भी हाशिल की है. जिससे तहसील कोराँव की किर किरी हुई.किसानों का कथन है कि ऐसे लेखपाल को तुरंत महुली और देवघाट से हटाया जाए. और आवंटन के नाम पर कि गई वसूली वापिस कराई जाये क्योंकि कई गाँवों देवघाट आदि में पट्टे के नाम पर वसूली की गई है।

## प्रधान के साथ मारपीट व सरकारी दस्तावेज फाड़ने पर चार के खिलाफ केस दर्ज

**करछना प्रयागराज।** विकास खंड करछना अंतर्गत गांव अरई के प्रधान अशोक कुमार गुरुवार को सरकारी कार्य से अपने घर से ब्लाक मुख्यालय करछना जा रहें थे कि गांव से कुछ दूर पहुंचे थे कि उसी दरम्यान गांव के कुछ दबंग लोग उन्हें रोक लिया और और गाली गलौज करने लगे प्रधान अशोक कुमार ने इसका विरोध किया तो उसे लात-घूसों से पिटाई कर दी तथा उसके बैग में रक्खा सरकारी दस्तावेज मनरेगा फाइल, पासबुक व अन्य जरूरी कागजात भी फाड़ दिये, हमलावरों ने प्रधान को जान से मारने का भी प्रयास किया लेकिन वह किसी तरह जान बचा कर भाग निकला, हमलावरों ने उसका पिछा करते हुए ब्लाक मुख्यालय करछना पहुंच गए लेकिन वहां उसे नहीं पाया तो, ब्लाक मुख्यालय पर उपस्थित ब्लाक कर्मियों के सामने प्रधान अशोक कुमार को भद्दी भद्दी गालियां देने लगें, घंटों ब्लाक मुख्यालय पर अन्य उपस्थित प्रधानों एवं ब्लाक कर्मियों को हमलावरों ने गालियां देते रहे जिससे मुख्यालय पर अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। घंटों उदंडता करने के बाद दबंगों ने धमकियां देकर फरार हो गए। घटना की जानकारी होने पर प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट ने दर्जनों प्रधानों को लेकर करछना थाने पहुंच गए और लिखित शिकायत में तीन नामजद एक अज्ञात क्रमशः सार्थक मिश्रा पुत्र महेंद्र प्रसाद मिश्र, रितेश मिश्रा पुत्र जितेंद्र मिश्रा, प्रिंस तिवारी पुत्र पवन तिवारी सहित एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है, इस बावत थाना प्रभारी ने बताया कि प्रधान संघ द्वारा लिखित शिकायत के आधार पर अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, और मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बारा थाने में जनसुनवाई के दौरान गिरा छत का प्लास्टर, बाल-बाल बचे इंस्पेक्टर और फरियादी



**बारा, प्रयागराज।** बारा थाना भवन की जर्जर स्थिति के चलते शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जनसुनवाई के दौरान अचानक इंस्पेक्टर के कार्यालय की छत का प्लास्टर टूटकर गिर गया, जिससे वहाँ मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह बारा थाना प्रभारी (इंस्पेक्टर) संजय कुमार राय अपने कार्यालय में बैठकर आम जनता की समस्याओं को सुन रहे थे। उसी समय अचानक छत का भारी-भरकम प्लास्टर टूटकर नीचे गिरने लगा। मलबे को गिरता देख इंस्पेक्टर, पुलिसकर्मी और अपनी शिकायत लेकर आए फरियादी जान बचाने के लिए तुरंत कमरे से बाहर की तरफ भागे।

इस घटना के बाद थाने में मौजूद लोगों में काफी डर और नाराजगी देखी गई। मौके पर मौजूद फरियादियों का कहना था कि सरकारी दफ्तरों की ऐसी हालत बेहद चिंताजनक है। जब सुरक्षा का दावा करने वाली पुलिस का अपना दफ्तर ही सुरक्षित नहीं है, तो आम जनता वहाँ अपनी शिकायत लेकर कैसे खड़ी हो सकती है? लोगों ने साफ तौर पर कहा कि इस जर्जर भवन में रुकना किसी खतरे से खाली नहीं है। मामले की पुष्टि करते हुए इंस्पेक्टर बारा संजय कुमार राय ने बताया कि अचानक छत का प्लास्टर टूटकर नीचे गिरा था। हालांकि, उन्होंने राहत जताते हुए कहा कि यह बेहद सुखद संयोग रहा कि मलबे की चपेट में कोई नहीं आया और सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं।इस घटना ने एक बार फिर सरकारी विभागों और थानों के रखरखाव व उनके जीर्ण-शीर्ण भवनों की मरम्मत को लेकर प्रशासनिक मुस्तैदी पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

## नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, पुलिस ने गठित की टीम, संभावित ठिकानों पर दबिश तेज

**सहसों।** सराय इनायत थाना क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत एक गांव से नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी की सकुशल बरामदगी और मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

पीड़ित पिता के अनुसार, दूसरे जनपद का रहने वाला दूसरे समुदाय का एक युवक उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन किशोरी का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद उन्होंने सहसों पुलिस चौकी पहुंचकर लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी। आरोपित की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है और किशोरी की बरामदगी के लिए विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है।

इस संबंध में थाना प्रभारी सराय इनायत प्रवीण गौतम ने बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर प्राप्त हो गई है। किशोरी की सकुशल बरामदगी और आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है। पुलिस सभी संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किए जाने की उम्मीद है।

# डीएम ने राजस्व कार्यों में लापरवाही पर नाराजगी जताई, अफसरों को चेतावनी, समय पर निस्तारण न होने पर होगी कार्रवाई

**जिलाधिकारी ने राजस्व मुकदमों में केवल तारीखें न डालने, बल्कि नियमित सुनवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।**

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** प्रयागराज के कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में शुक्रवार देर शाम आयोजित राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने लंबित मुकदमों और राजस्व प्रकरणों के निस्तारण में धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों (एसडीएम) और तहसीलदारों को चेतावनी दी कि यदि कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी लंबित मामलों को 15 जुलाई तक हर हाल में निस्तारित करने का आदेश दिया। इसके अतिरिक्त, पांच साल से अधिक पुराने लंबित वादों को जुलाई माह के भीतर ही शून्य करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

म्यूटेशन (नामांतरण) मामलों को लेकर डीएम ने सख्त लहजे में कहा कि निर्धारित समय-सीमा के बाद कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह से अधिक लंबित म्यूटेशन मामले पाए गए तो संबंधित अधिकारी पर कठोर कार्रवाई तय है। साथ ही, धारा-34, 80 और 116 के तहत खराब प्रदर्शन वाली तहसीलों को विशेष अभियान चलाकर अपनी रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए गए।

आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण में चल रही लापरवाही पर भी जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। अब शिकायतकर्ता से बात किए और उन्हें संतुष्ट किए बिना कोई भी आख्या पोर्टल पर अपलोड नहीं की जाएगी। अपर जिलाधिकारियों को स्वयं भी कुछ मामलों में शिकायतकताओं से बात कर फीडबैक की पुष्टि करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने राजस्व मुकदमों में केवल तारीखें न डालने, बल्कि नियमित सुनवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। भूमि विवादों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में केवल कार्यालय में बैठकर निर्णय न लिया जाए, बल्कि मौके पर जाकर निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। बैठक में सभी अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी और तहसील स्तरीय राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

## आदर्श शुक्ला अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के महानगर अध्यक्ष नियुक्त



**जंघई।** बरियांवा, शुक्लान गांव निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य संजय शुक्ला राजा बाबू के पुत्र आदर्श शुक्ला को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट संजय तिवारी द्वारा महानगर मुंबई का युवा अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन एवं? ब्राह्मणों के हित में कार्य करने हेतु एवं ब्राह्मण समाज को नई दिशा व दशा देने हेतु पंडित आदर्श शुक्ला को मनोनीत किया गया है।

## ग्राम पंचायत अल्हवा में वन महोत्सव आयोजित, वन विभाग कोराँव वन रेंज का निरंतर पौधा रोपण अभियान जारी




**कोराँव. प्रयागराज।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत छेत्रीय वन अधिकारी पी के सिंह के निदेर्शानुसार ग्राम पंचायत अल्हवा स्थित प्राथमिक विद्यालय में 3 जुलाई शुक्रवार को पौधा रोपण ग्राम पंचायत के प्रसाशक अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे पत्रकार ने बतौर मुख्य अतिथि फलदार पौधे लगाये।

प्रशासक शहजादे ने कहा वृक्छ हमारे मानव जीवन के लिए नितांत आवश्यक है. हर व्यक्ति एक दो पौधे लगाएँ और उसकी उसकी सुरक्छा करें. जिससे शुद्ध ऑक्सीजन मिले. इसके बगैर हमें आपको शुद्ध जल वायु नहीं मिल सकती। उप वन रेंजर मथुरा प्रसाद यादव वन दरोगा आशीष सिंह पटेल वन रक्छक जगपत कुसवाहा टीचर राम बहादुर कोल पंचायत सहायक नागेंद्र विश्वकर्मा सूर्य दिन रोजगार सेवक वन कर्मी गुलजार अहमद अनस अहमद राकेश सिंह आदि ग्राम वासी उपस्थित रहे।




# श्रद्धा और उत्साह के साथ शुरू हुई बाबा अमरनाथ यात्रा

### हर-हर महादेव के जयघोष के बीच अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था रवाना

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष के बीच शुक्रवार को नैनी से बाबा अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था श्रद्धापूर्वक रवाना हुआ। सुबह 10 बजे नैनी कॉटन मिल तिराहा एवं मसूरिया माई मंदिर, किडगंज से 72 श्रद्धालुओं का दल बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। वार्ड-20 के पार्षद राकेश जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। वहीं नैनी कोतवाल बृज किशोर गौतम ने फोन पर यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। कॉटन मिल तिराहा पर मानस रामलीला के महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, विजय कुशवाहा, पत्रकार राहुल जायसवाल, विनोद जैकब, भोलेनाथ केसरवानी, गोविंद चौरसिया एवं रामू केसरवानी ने यात्रियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। यात्रा के मीडिया प्रभारी एवं पत्रकार देवाशीष श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष 72 श्रद्धालुओं का जत्था बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए रवाना हुआ है। श्रद्धालु बाबा बफार्नी के दर्शन कर देश व प्रदेश में सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की प्रार्थना करेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। यात्रा संयोजक श्याम बहादुर श्रीवास्तव ने बताया कि यात्रा नैनी से प्रारंभ होकर कड़े धाम (कौशांबी), मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, स्वर्ण मंदिर, जलियांवाला बाग, वाघा बॉर्डर, माता वैष्णो देवी, बाबा अमरनाथ तथा हरिद्वार सहित विभिन्न प्रमुख तीर्थस्थलों के दर्शन कर प्रयागराज लौटेगी। यात्रा में राज कुमार कुशवाहा, अनुज कुशवाहा, सुमनलता कुशवाहा, करुणा केसरवानी, संदीप कुमारगुप्ता, गंगा, शनि श्रीवास्तव, श्रीकृष्ण शुक्ला, अंशुल जायसवाल, बृजेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ. चिरौंजी लाल सरोज सहित कुल 72 श्रद्धालु शामिल हैं।





# जिलाधिकारी के द्वारा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 के लिए बनाये गये परीक्षा केन्द्रों का किया गया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक से परीक्षा संचालन संबंधी जानकारिया प्राप्त की तथा परीक्षा में तैनात कार्मिकों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए।



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 02, 03 एवं 04 जुलाई को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टीईटी)-2026 परीक्षा के द्वितीय दिवस पर परीक्षा को निर्धारित प्रक्रियानुसार सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष, नकलविहीन व शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत शुक्रवार को सी0ए0वी0 इण्टर कालेज, गवर्नमेंट गर्ल्स इण्टर कालेज, सेवा समिति विद्या मंदिर, रामबाग सहित विभिन्न विद्यालयों में बनाये गये परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के प्रवेश की व्यवस्था, पहचान सत्यापन प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा प्रबंध, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश एवं विद्युत आपूर्ति सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारियों को आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों, केन्द्र व्यवस्थापकों को जिम्मेदारी, संवेदनशीलता व निर्धारित गाइडलाइन का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु नियुक्त सेक्टर मजिस्टेज्टों को परीक्षा अवधि के दौरान अपने सेक्टर के परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर परीक्षा को सकुशलढंग से सम्पन्न कराने एवं परीक्षा की समाप्ति के उपरांत परीक्षा सामग्री को जमा कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त स्टैटिक मजिस्टेज्टों को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुसार परीक्षा केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें एवं अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बनाये हुए सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कैमरो के माध्यम से हो रही मॉनिटरिंग को भी देखा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक से परीक्षा संचालन संबंधी जानकारिया प्राप्त की तथा परीक्षा में तैनात कार्मिकों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल एवं सकुशल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# वन महोत्सव पर छात्रों ने लगाए पौधे पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** वन महोत्सव के तहत जिला गंगा समिति और सामाजिक वानिकी वन प्रभाग की ओर से शुक्रवार को ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तेलियरगंज में पौधारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम के लिए प्रयागराज रेंज की ओर से पौधे उपलब्ध कराए गए।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडेय, प्रबंधक आनंद श्रीवास्तव, शिक्षक प्रमोद द्विवेदी, सरोज सिंह, लक्ष्मी शंकर त्रिपाठी, लक्ष्मी नारायण शुक्ला, जनार्दन दुबे सहित अन्य लोगों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# शोरूम का कर्मचारी दो किलो चांदी के सिक्के लेकर रफूचक्कर हुआ

**प्रयागराज।** मीरगंज स्थित एक ज्वेलरी शोरूम से करीब दो किलोग्राम चांदी के सिक्के चोरी होने का मामला सामने आया है। आरोप है कि शोरूम का कर्मचारी स्टॉक में लोहे के स्क्रू रखकर चांदी के सिक्कों को लेकर रफूचक्कर हो गया। कोतवाली पुलिस ने वरुण गुप्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

मीरगंज स्थित डीआरएस जेम्स एंड ज्वेल्स प्राइवेट लिमिटेड के स्टोर में प्रकाश नाथ सेन बतौर प्रबंधक हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि कर्मचारी वरुण गुप्ता पिछले करीब तीन वर्ष से कंपनी में कार्यरत था। उसे चांदी के सिक्कों वाले सेक्शन का प्रभार सौंपा गया था। स्टॉक की सुरक्षा, तौल व हिसाब-किताब की जिम्मेदारी भी उसी के पास थी। 28 जून को स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया तो क्लोजिंग स्टॉक में गड़बड़ी मिली। जांच में पता चला कि चांदी के सिक्कों की जगह वजन बराबर दिखाने के लिए लोहे के स्क्रू रख दिए गए थे। विस्तृत मिलान में करीब 2.040 किलोग्राम चांदी के सिक्के कम मिले। आरोप है कि पूछताछ के दौरान वरुण गुप्ता ने लगभग दो किलोग्राम चांदी के सिक्के निकालने की बात स्वीकार की और 29 जून को सामान वापस करने का आश्वासन दिया। हालांकि, अगले दिन वह दुकान नहीं पहुंचा और उसका मोबाइल फोन भी बंद मिला। वहीं, पुलिस कर्मचारी वरुण का रिकॉर्ड खंगालने में जुट गई है। पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द ही दबोच लिया जाएगा।

# नाजरेथ हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टाफ ने देखी 'भारत भाग्य विधाता', सेवा और राष्ट्रभाव का मिला संदेश







**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नाजरेथ हॉस्पिटल की ओर से नर्सिंग स्टाफ और स्कूल ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणादायक फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' का विशेष प्रदर्शन पीवीआर, सिविल लाइंस में आयोजित किया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों और विद्यार्थियों में सेवा, समर्पण और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना था।

अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की देखभाल प्रभावित न हो, इसके लिए फिल्म के दो अलग-अलग शो आयोजित किए। 2 जुलाई को आयोजित पहले शो में करीब 130 नर्सिंग स्टाफ और विद्यार्थियों ने फिल्म देखी, जबकि 3 जुलाई को दूसरे शो में लगभग 240 लोग शामिल हुए। दोनों दिनों में कुल 370 नर्सिंग स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने फिल्म का प्रदर्शन देखा।

कार्यक्रम में फिल्म के निर्देशक मनोज बृजगोपाल तापड़िया भी मौजूद रहे। उन्होंने दर्शकों से संवाद करते हुए फिल्म की पृष्ठभूमि, निर्माण का उद्देश्य और उसके सामाजिक संदेश के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सेवा, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया।

फिल्म प्रदर्शन के बाद नर्सिंग स्टाफ और विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। उनका कहना था कि फिल्म केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश भी देती है। कई प्रतिभागियों ने कहा कि फिल्म से उन्हें अपने नर्सिंग पेशे को अधिक समर्पण और सेवा-भाव के साथ निभाने की प्रेरणा मिली।

नाजरेथ हॉस्पिटल के निदेशक फादर विपिन डी'सूजा ने कहा कि अस्पताल मरीजों के बेहतर उपचार के साथ-साथ कर्मचारियों और विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान देता है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे प्रेरक और जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

कार्यक्रम के समापन पर अस्पताल परिवार की ओर से निर्देशक मनोज बृजगोपाल तापड़िया को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

# प्रयागराज में अग्नि सुरक्षा को लेकर गोष्ठी, व्यापारिक व संस्थागत प्रतिष्ठानों को दिए गए दिशा-निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** कमिश्नरेट प्रयागराज में संचालित आवासीय, व्यापारिक, औद्योगिक, चिकित्सीय एवं शैक्षणिक प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा एवं जीवन सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुक्रवार को त्रिवेणी सभागार, रिजर्व पुलिस लाइन में जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम में व्यापार मंडल, विभिन्न एसोसिएशन और प्रतिष्ठानों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। गोष्ठी का शुभारंभ पुलिस उपायुक्त नगर मनीष शांडिल्य ने किया। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से अपील की कि अपने-अपने प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और स्टाफ को भी इसके प्रति जागरूक करें।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी चंद्र मोहन शर्मा ने अग्नि सुरक्षा व्यवस्था, भवन संरचना, विद्युत सुरक्षा और आपात स्थिति में बचाव उपायों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने पुराने भवनों में सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुधार की आवश्यकता पर भी जोर दिया और विद्युत जनित आग दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय बताए।

गोष्ठी में करीब 250 पदाधिकारी एवं संचालक शामिल हुए। कार्यक्रम में पुलिस, अग्निशमन विभाग, विद्युत सुरक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग और प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने भी प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रतिभागियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया और उनके प्रश्नों पर विस्तृत चर्चा हुई।

प्रतिभागियों ने प्रशासन द्वारा आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन और जागरूकता फैलाने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# सड़क हादसे को हत्या में बदलने पर हाईकोर्ट सख्त याचिकाकर्ता के खिलाफ ट्रायल पर लगाई रोक

**अखंड भारत संदेश**



**जारी, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले को बिना प्रारंभिक जांच सीधे हत्या की धाराओं में दर्ज करने और उसके आधार पर आरोपपत्र दाखिल करने के मामले में महत्वपूर्ण आदेश दिया है। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया मामला विचारणीय मानते हुए याचिकाकर्ता विकास कुमार गुप्ता के खिलाफ निचली अदालत में चल रही आपराधिक कार्यवाही और ट्रायल पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।

यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार पचोरी की एकल पीठ ने 2 जुलाई 2026 को आपराधिक याचिका (Application U/S 528 BNSS No. 42383 of 2025) पर सुनवाई के बाद पारित किया।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शचींद्र मिश्रा ने अदालत को बताया कि मामला कौंधियारा थाना क्षेत्र में 13 जुलाई 2024 को हुई एक सड़क दुर्घटना से जुड़ा है। दुर्घटना में राजेंद्र प्रताप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 21 जुलाई 2024 को उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना स्वयं विकास कुमार गुप्ता ने पुलिस को दी थी।

अधिवक्ता ने दलील दी कि दुर्घटना के करीब 17 दिन बाद, 31 जुलाई 2024 को मृतक की पत्नी किरण सिंह ने विकास कुमार गुप्ता और विष्णु गुप्ता के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। आरोप लगाया गया कि दोनों ने आर्टिगा कार से जानबूझकर टक्कर मारकर हत्या की। बचाव पक्ष का कहना था कि पुलिस ने बिना निष्पक्ष और गहन प्रारंभिक जांच के सीधे हत्या की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

सुनवाई के दौरान अधिवक्ता शचींद्र मिश्रा ने अदालत के समक्ष एक महत्वपूर्ण तथ्य भी रखा। उन्होंने बताया कि एक ओर शिकायतकर्ता ने घटना को हत्या बताते हुए एफआईआर दर्ज कराई, वहीं दूसरी ओर इसी घटना को सड़क दुर्घटना दर्शाकर ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी से बीमा दावा भी प्रस्तुत किया है। बचाव पक्ष के अनुसार दोनों दावे एक-दूसरे के विपरीत हैं और इससे शिकायत के आधार तथा विवेचना की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद हाईकोर्ट ने माना कि मामला प्रथम दृष्टया विचारणीय है। इसके बाद कोर्ट ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रयागराज की अदालत में लंबित केस संख्या 13131/2025 (थाना कौंधियारा, अपराध संख्या 147/2024) की समस्त आगे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगाने का निर्देश दिया।

मामले की अगली सुनवाई आठ सप्ताह बाद होगी। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद सड़क दुर्घटना के मामलों में बिना पर्याप्त प्रारंभिक जांच हत्या की धाराएं लगाने और विवेचना की प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर कानूनी बहस तेज होने की संभावना है। हालांकि, मामले के आरोपों पर अंतिम निर्णय हाईकोर्ट में लंबित सुनवाई के बाद ही होगा।

# सांसद उज्जवल रमण सिंह भी पहुंचे कुकुरकटवा घटना पर जताया दुख मदद का दिया भरोसा



कुकुरकटवा पहुंच पीड़ित परिवार मदद का भरोसा देते सांसद उज्जवल रमण सिंह

**मेजा।** प्रयागराज के सांसद उज्जवल रमण सिंह कुकुरकटवा पीड़ित परिवार से मुलाकात किए और शासन प्रशासन से बात करके हरसंभव मदद का आश्वासन दिया साथ ही पीड़ित परिवार के घर पर एक हैंडपंप और हाईमास्क सोलर लाइट लगवाने की बात भी कही। उन्होंने सरकार के तरफ से मिलने वाली आर्थिक मदद और अधिक करवाने के भरोसा दिलाया। इसके अतिरिक्त शस्त्र लाइसेंस के लिए भी यदि कोई परेशानी होगी तो उसमें भी जो मदद करने का आश्वाशन दिया। इस मौके पर भारतीय राष्ट्रीय वैश्य महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता, भोलानाथ सोनकर, सतीश गुप्ता, अंजनी गुप्ता, रणजीत सोनकर, कमलेश गुप्ता, हरिओम साहू, जितेंद्र गुप्ता, ओम प्रकाश साहू,पंकज साहू, माया साहू तथा राजेश गुप्ता आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कुकुरकटवा ट्रिपल हत्याकांड : जघन्य अपराध में संलिप्त दोषियों पर हो कठोर एक्शन - संदीप पटेल

## मेजा विधायक के साथ गाजीपुर विधायक भी पहुंचे कुकुरकटवा गांव, पीड़ित परिवार से मुलाकात कर जताया दुख व्यक्त की संवेदना, तीनों पीड़ित परिवारों को एक-एक लाख रुपये का सौंपा चेक, हर संभव मदद का दिया भरोसा

**मेजा।** सपा के मेजा विधायक संदीप पटेल के साथ गाजीपुर के विधायक भी कुकुरकटवा ट्रिपल हत्याकांड मामले में पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और मुलाकात कर घटना दुख जताया है। इस दौरान तीनों पीड़ित परिवार को एक-एक लाख रुपए का चेक देकर आर्थिक सहयोग किया। उल्लेखनीय है कि देर से ही सही मगर कुकुरकटवा गांव में दिल को झकझोर देने वाली घटना को लेकर पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करने पहुंचे मेजा विधायक ने वारदात को दिल दहला देने वाली घटना बताया और इस घटना में संलिप्त सभी आरोपियो के विरुद्ध सरकार से कठोर कार्यवाही की मांग की। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार एक्शन में दिख रही है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया गया है। मेजा ने कहा कि हम चाहते हैं कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाते हुए करवाई की जाए ताकि भविष्य में मेजा क्षेत्र में इस प्रकार की निर्मम घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।



पीड़ित परिवार के बीच पहुंच संवेदना और आर्थिक मदद करते मेजा विधायक संदीप पटेल

इस मौके पर जय किशन साहू, जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद, हरिओम साहू वरिष्ठ सपा नेता, विधानसभा अध्यक्ष विजय राज सिंह, जयशंकर भारती, रणजीत सोनकर, नितेश तिवारी, कलेट्टर पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

### शर्म करो विधायक जी मीडिया से खुली पोल, तो अब चमका रहे हैं अपनी राजनीति

मेजा क्षेत्र के कुकुरकटवा में हुए निर्मम और दर्दनाक ट्रिपल मर्डर कांड में शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक के दौरे पर को लेकर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामसागर यादव (मुखिया) ने अपनी बड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि क्षेत्र के विधायक की संवेदनहीनता अब खुलकर आमजनता के सामने आ चुकी है। उन्होंने कहा कि सच्चाई को छिपाने की नाकाम कोशिश करने वाले विधायक जब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीते 28 और 29 जून को प्रयागराज के दौरे पर थे, तब स्थानीय विधायक ने इतनी बड़ी और संवेदनशील घटना की जानकारी पार्टी प्रमुख से छिपाकर रखी थी। उन्होंने कहा कि विधायक जी को लगा कि शायद बात दब जाएगी लेकिन सच कहाँ छिपता है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की संवेदनशीलता धन्य हैं हमारे जिन्हें जब इस दर्दनाक घटना की जानकारी स्थानीय मीडिया के माध्यम से हुई, तो उन्होंने बिना एक पल गंवाए तुरंत संज्ञान लिया। पीड़ित गरीब परिवार के आंसू पोंछने के लिए उन्होंने फौरन 3 लाख रुपये की आर्थिक मदद (चेक) भिजवाई। मुखिया यादव यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा कि बेशर्मी की हद होती है विधायक जी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का चेक और श्रेय लेने की इतनी भूख है कि पीड़ित परिवार के बीच पार्टी प्रमुख का नाम तक नहीं लिए की यह चेक राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने भेजा है।

# डीएम एवं एसपी ने टी0ई0टी केंद्रों का निरीक्षण किया

## सुरक्षा व्यवस्था परखी, निष्पक्ष परीक्षा के निर्देश दिए

अखंड भारत संदेश




**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने संयुक्त रूप से जनपद में आयोजित उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी0ई0टी) को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संस्कार ग्लोबल स्कूल एवं राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्थाओं और सुरक्षा इंतजामों का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने केंद्र व्यवस्थापकों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और बैठने की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक इंतजामों का भी निरीक्षण किया। डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने और कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता, नकल या संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, सुरक्षा और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। पूरे जनपद में परीक्षा पर सतर्क निगरानी रखी जा रही है।

## कोचिंग गए दो नाबालिग छात्र लापता, देर शाम परिजनों ने पुलिस को दी तहरीर

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के अकारीपुर तिवरान गांव से दो नाबालिग छात्र कोचिंग पढ़ने जाने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। काफी तलाश के बावजूद दोनों का कोई सुराग नहीं मिलने पर बृहस्पतिवार की देर शाम परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।लापता छात्रों की पहचान सार्थक तिवारी, पुत्र अजय कुमार तिवारी, और शुभम तिवारी, पुत्र अनुराग तिवारी, निवासी अकारीपुर तिवरान के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, दोनों छात्र रोज की तरह कोचिंग पढ़ने गए थे, लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी घर वापस नहीं लौटे।परिजनों ने कोचिंग सेंटर और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन दोनों बच्चों का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद बृहस्पतिवार की देर शाम उन्होंने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत दी और बच्चों की सकुशल बरामदगी की मांग की।थानाध्यक्ष राकेश चैरसिया ने बताया कि परिजनों की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है और बच्चों की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराने को लेकर ग्राम सभा रोर में हुई बैठक



**कुंडा।** बिहार विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सभा रोर के उच्च प्राथमिक विद्यालय, सुन्दरगंज में ग्राम विकास/ पंचायत अधिकारी की उपस्थिति में गांव के सम्मानित नागरिकों की मौजूदगी में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य विषय सरजू प्रसाद तिवारी के परिवार से संबंधित परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करने का मामला था। बताया गया कि सरजू प्रसाद तिवारी की भाभी रानू देवी का नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज नहीं हो पा रहा था। इसका कारण उनके नाम में हुई त्रुटि बताई गई, जिसके चलते परिवार रजिस्टर में सही नाम जोड़ने में समस्या उत्पन्न हो गई थी। बैठक के दौरान यह भी चर्चा हुई कि ग्राम विकासध् पंचायत अधिकारी को गांव के किसी व्यक्ति द्वारा यह गलत जानकारी दी गई थी कि रानू देवी संबंधित परिवार की सदस्य नहीं हैं। इस कारण उनका नाम परिवार रजिस्टर में जोड़ने की प्रक्रिया लंबित रही। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों और सम्मानित लोगों ने पूरे मामले पर चर्चा की तथा सही तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान सचिव ने भी उपलब्ध अभिलेखों और आवश्यक साक्ष्यों के अनुसार नियमानुसार आगे की प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया।

# करंट की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

## सुबह पानी भरते समय नल में उतरा करंट



**पट्टी।** कस्बा स्थित कुम्हिया मोहल्ले में शुक्रवार की सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया। घर के सामने लगे सरकारी नल में उतरे करंट की चपेट में आने से 58 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही तड़प-तड़पकर मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद से पूरे मोहल्ले में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कुम्हिया मोहल्ला निवासी स्वर्गीय सीताराम की पत्नी सुशीला (58) शुक्रवार सुबह रोज की तरह अपने घर के सामने लगे नल पर पानी भरने गई थीं। बताया जाता है कि नल के पास ही पानी खींचने के लिए टुल्लू पंप लगाया गया था, जिसकी विद्युत लाइन में शॉर्ट-सर्किट होने की वजह से अचानक पूरे नल में करंट उतर आया। जैसे ही सुशीला ने पानी भरने के लिए नल के हैंडल को छुआ, वह तेज करंट की चपेट में आकर उसी से चिपक गईं। महिला की चीख सुनकर दौड़े आसपास के लोगों ने आनन-फानन में मुख्य लाइन से बिजली की आपूर्ति बंद की और उन्हें नल से अलग किया। हालांकि, तब तक काफी देर हो चुकी थी और करंट का झटका इतना जोरदार था कि महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सुशीला के चार बेटे सूर्य, रामचंद्र, हरिश्चंद्र व फूलचंद और दो बेटियांकृखुशबू व पूनम हैं। सभी बच्चों की शादी हो चुकी है और वे आजीविका के सिलसिले में शहर से बाहर रहते हैं। इस वजह से सुशीला घर पर अकेली ही रहा करती थीं। हादसे की खबर मिलते ही दूर-दराज रह रहे बेटों और बेटियों को सूचना दे दी गई है, जिसके बाद से परिवार में कोहराम मचा है। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक जायसवाल फौरन मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया और पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। चेयरमैन ने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए नगर पंचायत की ओर से हरसंभव आर्थिक और सामाजिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

## तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**प्रतापगढ़।** रंजिशन पीड़ित के साथ मारपीट की घटना को लेकर लालगंज पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के अगई निवासी अभिषेक कुमार पुत्र जगजीवन राम ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पहली जुलाई को शाम आठ बजे वह रानीगंज कैथौला स्थित दुकान से घर जा रहा था। घर के समीप रास्ते में गांव के ही विपक्षी निकित सरोज पुत्र जनार्दन, कुलदीप सरोज पुत्र नागेन्द्र व आजाद सरोज पुत्र रमाशंकर रंजिशन गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियो द्वारा पीड़ित को जमकर मारापीटा गया। शोर मचाने पर राहगीर जुटे तब आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अभिषेक समेत तीन के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# 407 मोबाइल बरामद, 61 लाख से अधिक कीमत के फोन स्वामियों को लौटाए




**प्रतापगढ़।** बेल्हा, जनपद पुलिस ने तकनीक के प्रभावी इस्तेमाल से बड़ी सफलता हासिल करते हुए सीईआईआर पोर्टल की मदद से 407 गुम एवं खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइल फोन की अनुमानित बाजार कीमत करीब 61.05 लाख रुपए बताई गई है। शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित साईं कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार ने बरामद मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे।पुलिस के अनुसार, गुम मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए जनपद की सर्विलांस टीम एवं सभी थानों की साइबर टीमों द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी अभियान के तहत सीईआईआर पोर्टल और अन्य तकनीकी संसाधनों की सहायता से विभिन्न स्थानों से कुल 407 मोबाइल फोन बरामद किए गए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लाभार्थियों ने प्रतापगढ़ पुलिस की त्वरित कार्रवाई, तकनीकी दक्षता और संवेदनशील कार्यशैली की सराहना की।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि मोबाइल फोन चोरी होने या गुम होने पर घबराने के बजाय तत्काल संबंधित थाने में सूचना दें अथवा सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि समय पर शिकायत दर्ज होने और मोबाइल का आईएमईआई नंबर ब्लॉक कराने से बरामदगी की संभावना काफी बढ़ जाती है।एसपी ने लोगों को संचार साथी एप का उपयोग करने की भी सलाह दी। उन्होंने बताया कि इस एप के माध्यम से मोबाइल का आईएमईआई ब्लॉक कराने, संदिग्ध कॉल की शिकायत करने तथा अपने नाम पर जारी मोबाइल कनेक्शनों की जानकारी प्राप्त करने जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।यह अभियान सर्विलांस प्रभारी उपनिरीक्षक अजित सिंह के नेतृत्व में संचालित किया गया, जिसमें सर्विलांस टीम तथा जनपद के सभी थानों की साइबर सेल के पुलिसकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में बिना विलंब शिकायत दर्ज कराएं, ताकि तकनीकी माध्यमों से उसकी शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित की जा सके।

## पांडिचेरी प्रीमियर लीग में अभिनव सिंह का चयन होने से क्षेत्र में प्रसन्नता



**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत गड़वारा के डंगरी वार्ड निवासी भाजपा नेता नवीन सिंह के बेटे अभिनव सिंह का चयन पांडिचेरी प्रीमियर लीग में ओसुडू एकॉर्ड वॉरियर्स टीम में हुआ है। यह लीग मैच सात जुलाई से 27 जुलाई तक पांडिचेरी में खेला जाएगा। अभिनव का टीम में चयन होने से क्षेत्र के लोग बधाई देने घर पहुंच रहे है। राजाराम वैश्य, राजकुमार शुक्ल, अरुण सिंह, राजेश सिंह, बंटी सिंह, साहिल सिंह, सार्थक सिंह, सूरज पाण्डेय आदि लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# प्रेम विवाह के दो माह बाद ही ससुराल छोड़ थाने पहुंची विवाहिता, लगाए गंभीर आरोप

**पट्टी।** प्रेम विवाह कर चंदौली से प्रतापगढ़ के गोविंदपुर गांव आई एक विवाहिता शादी के महज दो महीने बाद ही गोद में मासूम बच्चे को लेकर थाने पहुंच गई। विवाहिता ने पति और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार गोविंदपुर गांव निवासी सुनील पटेल बनारस में काम करता था। वहीं उसकी मुलाकात चंदौली निवासी मीना से हुई। दोनों के बीच पहले बातचीत शुरू हुई और फिर यह दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई। बाद में दोनों ने मंदिर में जाकर प्रेम विवाह कर लिया। विवाह के बाद मीना गर्भवती हुई और उसने एक बच्चे को जन्म दिया। बताया जा रहा है कि करीब दो माह पहले सुनील अपनी पत्नी मीना और मासूम बच्चे को लेकर गोविंदपुर स्थित अपने पैतृक घर आया था। विवाहिता का आरोप है कि ससुराल पहुंचने के बाद से ही उसके साथ प्रताड़ना की जाने लगी। मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न से परेशान होकर वह शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे गोद में मासूम बच्चे को लेकर आसपुर देवसरा थाने पहुंची। मीना ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर पति व ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामले में थाना अध्यक्ष आसपुर देवसरा राकेश चैरसिया ने बताया तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जनपद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 06 जुलाई को तहसील कुण्डा में

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने बताया है कि शासन के निदेर्शानुसार उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टेट) 2026 के परिप्रेक्ष्य में सम्पूर्ण समाधान दिवस को दिनांक 04 जुलाई दिन शनिवार के स्थान पर दिनांक 06 जुलाई 2026 दिन सोमवार को आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये है, जिसके दृष्टिगत जनपद प्रतापगढ़ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन दिनांक 04 जुलाई के स्थान पर दिनांक 06 जुलाई 2026 दिन सोमवार को आयोजित किया जायेगा। जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 06 जुलाई को तहसील कुण्डा में आयोजित किया जायेगा एवं अन्य तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा।

## सर्पदंश से महिला की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** सर्पदंश से महिला की मौत को लेकर परिजनों मे कोहराम मच गया। जेठवारा थाना के पदनाथपुर गांव निवासी बाबूलाल यादव की पत्नी बड़का देवी 55 गुरूवार की देर शाम घर के समीप मड़हे में उपली लेने गयी थी। अचानक वहां उसे सांप ने डस लिया। आननफानन में परिजन महिला को उपचार के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मृतका के घर पहुंची तब परिजनों मे कोहराम मच गया। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजवाया।

# हल्की बारिश में ही तहसील परिसर में हुआ जलजमाव, वकील आक्रोशित

अखंड भारत संदेश




**प्रतापगढ़।** शुक्रवार को दिन में अचानक हुई बारिश के चलते तहसील परिसर में फिर जलभराव की समस्या से लोग हलाकान दिखे। थोड़ी ही देर की बारिश ने व्यवस्था की कलई खोल कर रख दी। परिसर के मुख्य गेट के साथ कई जगह जलजमाव होने से अधिवक्ताओं तथा वादकारियों को परेशान देखा गया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद का कहना है कि कई बार समाधान दिवस से लेकर अफसरो को परिसर में होने वाले जलभराव की समस्या को लेकर ज्ञापन सौपा गया है। इसके बावजूद भी अफसर आश्वासन के अलावा समस्या का समाधान नहीं करा सके हैं। पूर्व महामंत्री संतोष पाण्डेय सहित अन्य अधिवक्ताओं ने भी इस समस्या के समाधान न होने पर आक्रोश जताया। वहीं बारिश के चलते सीएचसी परिसर व विद्युत उपकेन्द्र गेट के सामने भी कई जगह जलजमाव की समस्या फिर देखी गयी। सार्वजनिक संस्थानो में बारिश के समय जलजमाव की होने वाली समस्या पर न तो स्थानीय प्रशासन गंभीर है और न ही नगर पंचायत की कार्यदायी संस्था। लोगों मे अभी से ही यह कयास लगाया जा रहा है कि बारिश तेज हुई तब सार्वजनिक स्थानों पर जलभराव के चलते रोजमर्रा के काम प्रभावित होंगे। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा का कहना है कि जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

## निर्माण कार्य का विरोध करने पर महिला समेत तीन की पिटाई

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के इटहरा गांव निवासी कलावती पत्नी सोभनाथ ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसी उसके हिस्से की जमीन पर जबरन निर्माण कार्य कर रहे थे। शुक्रवार की दोपहर जब वह रोकने गई तो उसे गालियां देते हुए जमीन पर पटक कर बुरी तरह से आरोपी मारने पीटने लगे। आरोप है कि उसे छुड़ाने के लिए उसकी बहू सुनीता व पोती शिवानी गई तो उसे भी जमकर मारा पीटा गया। घायल महिला अपनी बहू के साथ शुक्रवार दोपहर करीब 3रू30 बजे पट्टी कोतवाली आई। पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# पट्टी बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महामंत्री के साथ 13 पदाधिकारी ने ली शपथ

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को तहसील परिसर में संपन्न हुआ। समारोह मे एसडीएम पट्टी पूर्णेन्दु मिश्र की उपस्थिति में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष अच्छे लाल ओझा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण करने वालों में अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह, महामंत्री विकास कुमार श्रीवास्तव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष वरुण पांडे बंटी मनीष सिंह, मनीष तिवारी कोषाध्यक्ष विपिन सिंह, सहमंत्री विपिन सिंह मानसिंह विकास तिवारी एवं कुलदीप तिवारी, पुस्तकालय अध्यक्ष संसार सिंह, आय-व्यय निरीक्षक रोशन सिंह को पद एवं गोपनेता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार तिवारी ने उपस्थित अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बार एसोसिएशन सदैव अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखते हुए न्यायिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी पूर्णेन्दु मिश्र ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नई कार्यकारिणी अपने कार्यकाल में अधिवक्ताओं के हितों के साथ-साथ बार और बेंच के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखेगी तथा न्याय व्यवस्था को मजबूत करने में सकारात्मक भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर एल्डर कमेटी के सदस्य अजीत प्रताप सिंह, राकेश खरे अशोक श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, सुरेश सिंह राठौर, अरविंद कुमार सिंह, चंदन सिंह, भूपेश कुमार सिंह, विवेक पांडेय, उमाशंकर मिश्र, इंद्रमणि वर्मा, बिंदेश्वरी प्रसाद पाठक सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता वंश बहादुर सिंह द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे संपन्न हुआ।

## एसपी से अवैध कब्जे की हुई शिकायत

**लालगंज।** जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर पीड़ित ने एसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार की है। उदयपुर थाना क्षेत्र के रेहुआ लालगंज गांव निवासी मो0 अमीन पुत्र मो0 उस्मान ने एसपी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र मे कहा है कि गांव के कुछ लोग उसकी भूमिधरी जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित के अनुसार उक्त जमीन का कोर्ट ने स्थगन आदेश है। इसके बावजूद विपक्षी जबरन कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर विपक्षी मारपीट पर अमादा हो जाते हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस व क्षेत्राधिकारी से की लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नही हो सकी। पीड़ित ने एसपी से न्याय व सुरक्षा की गुहार लगायी है।

## युवती का अपहरण, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** युवती के अपहरण को लेकर लालगंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के पूरे बसन्तराय निवासी अमृतलाल सरोज पुत्र बद्री प्रसाद ने दी गई तहरीर में कहा है कि पहली जुलाई को शाम साढ़े चार बजे उसकी पचीस वषीर्या पुत्री घर से संग्रामगढ़ दवा लेने निकली थी। देर रात वह घर नही पहुंची तब परिजन परेशान हो उठे। युवती का मोबाइल भी परिजनों को बंद मिला। अप्रिय घटना की आशंका में पीड़ित ने अज्ञात द्वारा पुत्री के अपहरण को लेकर तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

# सूने घर से बीस लाख का सोने चांदी का जेवरात उठा ले गए चोर

## घर में ताला बंद कर हरिद्वार गए हुए थे घर परिवार के लोग सूचना पर पहुंची भरवारी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशांबी** कोखराज थाना अंतर्गत भरवारी पुलिस चौकी क्षेत्र के मेहता रोड में सूने घर का ताला तोड़कर घुसे चोर बीस लाख कीमत का सोने चांदी का जेवरात सहित नगद रुपए उठा ले गए हैं घर में ताला बंद कर घर परिवार के लोग हरिद्वार घूमने गए थे चोरी की सूचना पर पहुंची भरवारी पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है कस्बे में लगातार हो रही चोरी से कस्बा वासी भयभीत है घटनाओं का खुलासा नहीं हो रहा है जिससे पुलिस की कायर्शैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं नगर पालिका परिषद अंतर्गत कस्बा



भरवारी के मेहता रोड निवासी राजेश केशरवानी पुत्र जवाहर लाल बेरुआ वाले ने भरवारी में लोहे पाइप की दुकान खोल रखी है 'घर परिवार के लोग दिनांक 28 जून को हरिद्वार घूमने गए हुए है बीती रात्रि में बंद पड़े घर के दरवाजे का ताला काटकर चोर अंदर घुस कर अलमारी में रखा दो किलो चांदी के जेवर दस तोला सोना के जेवर और दो लाख नगद रुपए पर हाथ साफ कर दिया जबकि और भी घर में काफी सामान रखा हुआ था ओर कुछ भी सामान नहीं छुआ सब ऐसा ही रखा हुआ है सब मिलाकर चोरों ने सूने घर से लगभग बीस लाख से पच्चीस लाख रुपए का सोने चांदी का जेवरात वा नगद रुपए पार कर दिया 'यहां यह भी बताना अति आवश्यक है कि भरवारी कस्बा के शिशु मंदिर कालोनी अंतर्गत बिसुई में भी बीते दिनों एक टीचर दंपति अंजली वर्मा के सूने घर को भी चोरों ने निशाना बनाते हुए पूर्व में बीस लाख रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया था जिसका आज तक खुलासा कर पाने में पुलिस असफल रही 'ऐसी कितनी चोरी हो चुकी है जिसका पुलिस खुलासा करने में असफल रही है 'इधर चोरों के ऊपर से पुलिस का भय समाप्त होता दिख रहा है इस बीच लड़कियों का आए दिन भागना ई रिक्शा चोरी होना वाहन से बैटरी खुल जाना आम बात हो गई है।

## जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की 5 जुलाई को कौशांबी में समीक्षा बैठक

**भरवारी कौशांबी** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की समीक्षा बैठक प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा बलबीर सिंह शिवाजी और प्रदेश अध्यक्ष बलबीर सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश के तमाम जनपदों में आयोजित की गई है इसी काम में कौशांबी जनपद में समीक्षा बैठक 5 जुलाई को आयोजित की गई है समीक्षा बैठक में जिला अध्यक्ष युवा जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष समेत जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के पदाधिकारी को शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं उक्त जानकारी कार्यालय प्रभारी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक हितेश प्रताप सिंह पंकज ने दी है

## दिहाड़ी मजदूर के खाते में हुआ निविदा का भुगतान चलौली ग्राम पंचायत के अभिलेखों ने खोली वित्तीय अनियमितता की परतें

**कौशाम्बी** विकास खंड चायल की ग्राम पंचायत चलौली में सरकारी धन के भुगतान से जुड़े अभिलेखों ने वित्तीय व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। उपलब्ध सरकारी भुगतान अभिलेख स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि रामलखन, जिन्हें ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में दिहाड़ी मजदूर के रूप में कई बार मजदूरी का भुगतान किया गया है,उसी व्यक्ति के बैंक खाते में निविदा का भुगतान भी किया गया है।भुगतान अभिलेखों का अवलोकन करने पर यह तथ्य सामने आता है कि रामलखन के नाम पर अनेक बार मजदूरी का भुगतान दर्ज है।वहीं इन्हीं अभिलेखों में उनके खाते में निविदा का भुगतान भी अंकित है। यह स्थिति सरकारी धन के भुगतान की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करती है।सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कोई मौखिक आरोप नहीं,बल्कि सरकारी अभिलेखों में दर्ज भुगतान का विवरण है।अभिलेख स्वयं इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि दिहाड़ी मजदूर के खाते में निविदा मद का भुगतान किया गया।अब सवाल यह उठता है कि जब निविदा से संबंधित भुगतान का अपना निर्धारित वित्तीय प्रावधान और प्रक्रिया है,तब एक दिहाड़ी मजदूर के बैंक खाते में निविदा की धनराशि किस आधार पर भेजी गई? यदि यह भुगतान नियमों के अनुरूप है तो संबंधित अधिकारी इसका आधार सार्वजनिक करें,और यदि नहीं,तो यह सरकारी धन के उपयोग की गंभीर अनियमितता का मामला है। सूत्र बताते हैं कि ग्राम प्रधान द्वारा इस तरह का भुगतान अपने साहित्य मजदूर खाते में करके अपने निजी खर्चे में ले लिया करते इसे औरजोड़करयह प्रकरण केवल एक भुगतान तक सीमित नहीं है,बल्कि सरकारी धन के भुगतान की पारदर्शिता,जवाबदेही और वित्तीय अनुशासन पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच आवश्यक है,ताकि यह स्पष्ट हो सके कि दिहाड़ी मजदूर के खाते में निविदा की धनराशि क्यों भेजी गई और उसका वास्तविक लाभ किसे प्राप्त हुआ।सरकारी अभिलेख बोल रहे हैं,अब जवाब संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों को देना है।

# कृतिका केसरवानी ने मनौरी बाजार का नाम किया रोशन

अखंड भारत संदेश

**मनौरी बाजार की कृतिका केशरवानी ने पीएचडी परीक्षा में प्रदेश में हासिल की चौथी रैंक**

**मॉलिक्यूलर बायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी** उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2026 के पीएचडी पाठ्यक्रम के परिणामों में मनौरी बाजार जनपद कौशाम्बी निवासी होनहार छात्रा कृतिका केशरवानी पुत्री सुधीर केसरवानी अध्यक्ष व्यापार मंडल मनौरी ने मॉलिक्यूलर बायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी विषय में पूरे प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त कर जिले और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,मेरठ द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा में हजारों अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया था। अत्यंत प्रतिस्पधी माने जाने वाले मॉलिक्यूलर बायोलॉजी विषय में चौथी रैंक हासिल करना बड़ी उपलब्धि है।इस शानदार सफलता पर छात्रा ने कहा कि यह मेरी कड़ी मेहनत,माता-पिता के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन और मनौरी बाजार के सभी शुभचिंतकों की दुआओं का परिणाम है। मेरा लक्ष्य कृषि जैव प्रौद्योगिकी में शोध कर किसानों के लिए नई तकनीकें विकसित करना है परिवार और ग्रामवासियों में खुशी की लहर है। परिजनों ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद छात्रा ने दिन-रात मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया है। इस रैंक के आधार पर सीएसएयूएटी कानपुर, एसवीपीयूएटी मेरठ या एनडीयूएटी अयोध्य जैसे शीर्ष कृषि विश्वविद्यालयों में पीएचडी में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त हो गया है स्थानीय लोगों एवं क्षेत्र के व्यक्तियों ने



इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। मनौरी बाजार से निकलकर प्रदेश स्तर पर नाम कमाने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

## विद्यालय में खाना बनाते समय रसोईया व नाती गंभीर रूप से झुलसी

**कोखराज कौशांबी** सिराथू तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नौडिया वार्ड नंबर 10 मंगल पांडे नगर में 01 जुलाई को विद्यालय के रसोई घर में रसोईया सुनीता देवी पत्नी शारदा प्रसाद अपने नाती रितिक को लेकर प्राथमिक विद्यालय के विद्याथियों का मिड डे मील भोजन बना रही थी इसी बीच विद्यालय के रसोई में सिलेंडर लीकेज होने से अचानक आग लग गई देखते-देखते आग ने विकराल रूप ले लिया जिससे खाना बना रही रसोईया सुनीता देवी और उसकी नाती रितिक उम्र 3 वर्ष झुलस गई हैं जिससे दोनों की हालत गंभीर हो गई है जानकारी मिलते ही शिक्षकों ने मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है और गंभीर हालत में रसोईया और उसकी नातिन को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भती कराया गया है लेकिन हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने इलाज करने से इनकार कर दिया जिस पर झुलसी रसोईया और नातिन को इलाज के लिए एक निजी नर्सिंग होम में भती कराया गया है जहां दोनों की हालत गंभीर है

# पीएचसी सीएचसी में समय से उपस्थित हो चिकित्सक स्वास्थ्य कमी : डीएम

अखंड भारत संदेश

**झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कठोर कारर्वाई किए जाने का डीएम ने दिया निर्देश**

**कार्य में लापरवाही शिथिलता पाए जाने पर डीसीपीएम के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश**

**कौशांबी** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई।जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि जनपद के सभी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों एवं स्टॉफ की उपस्थिति समय से सुनिश्चित किया जाए। झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मूरतगंज, कनैली एवं चायल में लाभाथियों का भुगतान अपेक्षित न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए संबंधित प्रभारी चिकित्साधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों से विगत माह जून में शिशु मृत्यु के कारणों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नए आयुष्मान आरोग्य मन्दिर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान लापरवाही/शिथिलता पाए जाने पर डीसीपीएम के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आधारभूत सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए कराए जाने वाले कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर





नाराजगी प्रकट करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को कायर्दायी संस्था से समन्वय कर कार्य कराने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को आभा आई.डी. बनाने एवं नियमित टीकाकरण में शत-प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड बनाएं जाने के कार्य में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कायर्योजना बनाकर कैम्प लगाकर लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्य में तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से चिकित्सकों की उपलब्धता एवं एम्बुलेंस की स्थिति आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# बिद्युत विभाग की लापरवाही से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा!

अखंड भारत संदेश

**दरवाजे पर पोल व तार फिर भी दो सौ मीटर दूर से बिद्युत लेने पर विवश हैं उपभोक्ता**

**नेवादा कौशाम्बी** पास में विद्युत पोल और केवल होने के बाद विभाग दूर से विद्युत कनेक्शन दे रहा हैं जिससे विद्युत हादसे की संभावनाएं बढ़ गई है बिजली विभाग के अधिकारियों की इस तानाशाही से परेशान उपभोक्ता में आक्रोश व्याप्त है चायल तहसील के मनौरी पावर हाउस के मनौरी बाजार नई बस्ती स्थित गुरुकुल स्कूल के आस पास बिद्युत उपभोक्ताओं को एक तरफ काफी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा तो वहीं दूसरी ओर लोगों के खेत अथवा छत से बिद्युत केबल गई है जो बिद्युत विभाग की घोर लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है उपभोक्ताओं के दरवाजे पर पोल व तार मौजूद होने के बाद भी दो सौ मीटर दूरी से केबिल लगाकर बिद्युत लेने पर उपभोक्ता विवश हैं उपभोक्ताओं का आरोप है कि लाइन मैन रुपए की मांग करते हैं और



मनमानी के चलते सीधे मुंह बात नहीं करते जिससे दरवाजे पर लगे पोल व तार से कनेक्शन नहीं किया जा रहा है आखिर सरकार के नया ट्रांसफार्मर केबल व पोल लगाने के बाद भी उपभोक्ताओं को घर के पास से कनेक्शन नहीं किया गया जो दो सौ मीटर दूरी से केबल लगाये हैं और पास मे स्कूल भी है जिसमें सौ दो सौ नन्हे मुन्ने बच्चे पढ़ने आते हैं अवर अभियंता हरेन्द्र राम के व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है जब कि नियमावली तो यहां तक है कि उपभोक्ताओं के मीटर तक बिद्युत सप्लाई देना विद्युत विभाग का दायित्व है वह भी निशुल्क लेकिन लाइनमैन मनबढ हो गये हैं इनके मनमानी व अवैध वसूली से लोग त्रस्त रहते हैं

# टोल प्लाजा में गैस टैंकर में आग लगने से मृतकों की संख्या पहुंची पांच

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के गंगा नदी पर बना पुल के टोल प्लाजा में 26 जून को गैस टैंकर में तेज रिसाव होने से अचानक टोल बूथ पर खड़े होते ही गैस टैंकर में विकराल आग लग गई जिससे तमाम लोग गंभीर हालत में झुलस गए थे गैस टैंकर का ड्राइवर टैंकर में ही जल गया था जिससे उसकी हड्डियां बची थी इस घटना में गंभीर रूप से जले लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भती कराया गया था धीरे-धीरे करके पांच लोगों की मौत हो चुकी है हादसा इतना भयंकर था कि कोई भी व्यक्ति मौके से भाग नहीं सका है अभी कई लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक टोल प्रकरण में धर्मेंद्र दुबे उम्र 40 वर्ष पुत्र आत्मारमण दुबे निवासी नुहाव थाना कोतवाली देहात जनपद मिर्जापुर की मृत्यु दिनांक 26 जून को हुई है आलोक सिंह उम्र 26 वर्ष पुत्र अर्जुन सिंह निवासी पूरे भदौरिया थाना सालों रायबरेली की मृत्यु दिनांक 26 जून को हुई है अनिल बिंद उम्र 32 वर्ष पुत्र रामकुमार निवासी जरयु बिजुनियापुर थाना हंडिया जनपद प्रयागराज की मृत्यु दिनांक 30 जून को हुई है हीरामणि उम्र 29 वर्ष पुत्र वीरेंद्र बहादुर सिंह निवासी.राजापुर थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली की मृत्यु दिनांक 02 जुलाई को हुई है कृष्णपाल मौर्या उम्र 32 वर्ष पुत्र पुष्पराज निवासी मेन रोड ललितपुर की मृत्यु दिनांक 02 जुलाई को हुई है अभी कई लोगों की हालत गंभीर है बताया जाता है कि गैस टैंकर में इतनी तेजी से गैस रिसाव था कि टोल प्लाजा के जनरेटर के चिंगारी से भयंकर आग लग गई थी इसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है



## न्यूज झरोखा

### जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा




**कौशांबी** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने शुक्रवार को उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने राज्यकर की समीक्षा के दौरान राजस्व वसूली में लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए उपायुक्त,राज्यकर को कायर्योजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने एवं और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन,स्टॉम्प एवं रजिस्ट्रेशन,खनन,विद्युत,वन विभाग,मण्डी,आबकारी एवं नगर निकाय की राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि कायर्योजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों तहसीलदारों को आर.सी.वसूली एवं अंश निर्धारण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा के दौरान सभी उप जिलाधिकारियों /तहसीलदारों को राजस्व वादों के निस्तारण में प्रगति लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन आईजीआरएस में प्राप्त आमजन की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध किया जाए। उन्होंने चकबंदी अधिकारियों को चकबंदी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शालिनी प्रभाकर एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ओम प्रकाश सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### लंबी बीमारी के बाद इलाज के दौरान डॉक्टर चिरौंजी लाल का हुआ निधन



**कौशांबी** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के होम्योपैथी के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर चिरौंजी लाल केसरवानी काफी दिनों से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे इलाहाबाद लखनऊ से लेकर दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में उनका इलाज हुआ लेकिन बीमारी ठीक नहीं हुई अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार को डॉ चिरौंजी लाल केसरवानी ने अंतिम सांस ली है डॉक्टर चिरौंजी लाल केसरवानी की मौत की जानकारी मिलते ही उनके घर पर सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई है उनके पुत्र डॉ अरुण केसरवानी ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा

# अफसर को दिए शिकायती प्राथर्ना पत्रों को रद्दी में डाल देते हैं जांच अधिकारी


**कौशांबी** सिराथू तहसील क्षेत्र के तुलसीपुर गांव में सरकारी हैंड पंप में कब्जा '१ बिजली की मोटर डालकर हैंडिल खोलकर रख लिया गया है और इसे समरसेबल बनाकर व्यक्तिगत उपयोग में लिया जा रहा है जिस गांव के लोगों को सरकारी हैंड पंप से पानी नहीं मिल रहा है और गांव के लोग परेशान हैं सरकारी हैंड पंप में व्यक्तिगत कब्जा किए जाने के मामले में खंड विकास अधिकारी सिराथू को 26 मई 2026 को शिकायती पत्र दिया गया लेकिन उसके बाद एक महीने बीत जाने के बाद भी हैंडपंप कब्जा करने वाले लोगों पर कार्यवाही नहीं हुई 30 मई 2026 को चौकी इंचार्ज उद्दीन को शिकायती पत्र देकर हैंडपंप कब्जे को खाली कराए जाने की मांग की गई लेकिन फिर एक महीने बीत जाने के बाद हैंडपंप के कब्जे को व्यक्तिगत कब्जे से पुलिस खाली नहीं करा सकी है हुई हैंड पंप के कब्जे के मामले में 20 जून को तहसील दिवस सिराथू में शिकायती पत्र दिया एक सप्ताह में जांच करके कारर्वाई का निर्देश दिया गया लेकिन 14 दिन बीत जाने के बाद इस शिकायती पत्र में भी कारर्वाई नहीं हुई बार-बार शिकायत किए जाने के बाद भी सरकारी हैंड पंप से कब्जा ना खाली होने पर 17 जून 2026 को उप जिला अधिकारी सिराथू को शिकायती पत्र दिया गया जिस पर उपजिलाधिकारी सिराथू ने एडीओ पंचायत सिराथू को निर्देशित कर सार्वजनिक हैंड पंप को व्यक्तिगत उपयोग से रोकने का निर्देश दिया लेकिन एसडीएम का आदेश पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है इसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने हैंड पंप पर कब्जे को खाली करने के लिए 1 जुलाई को जिला अधिकारी को शिकायती पत्र दिया है लेकिन जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देने के बाद भी सरकारी हैंड पंप से कब्जा खाली नहीं हुआ है अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की उम्मीद लगाने वाले पीड़ित के मुंह पर करारा तमाशा है कि आखिर अधिकारियों को शिकायती पत्र देने के बाद यदि जांच के नाम पर मामले का निपटारा न हो पीड़ित को न्याय ना मिले और दोषी को दंड ना मिले तो फिर इन अधिकारियों को शिकायती पत्र देने का क्या मतलब रह जाता है

# 14 वर्षो में कौशांबी की धरती में वन विभाग ने कहा रोपित किए दो करोड़ से अधिक पौधे जांच का विषय

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी** विभिन्न विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार के साथ-साथ वन विभाग में भी बड़ा भ्रष्टाचार व्याप्त है अखिलेश यादव की सरकार में वर्ष 2012 से वृहद पौधा रोपण का अभियान शुरू हुआ जो लगातार 14 वर्षो से चल रहा है वन विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2012 से लेकर वर्ष 2025 तक में कौशांबी की धरती में दो करोड़ से अधिक पौधे वन विभाग के अधिकारियों की देखरेख में विभिन्न विभागों द्वारा रोपित किए गए हैं शासन के निर्देश पर कौशांबी की धरती में दो करोड़ पौधे कहां रोपित किए गए हैं यह तो बहुत बड़ी जांच का विषय है चर्चाओं पर जाए तो प्रत्येक वर्ष वन विभाग द्वारा रोपित किए गए पौधों का 20 गुना आंकड़ा शासन को प्रस्तुत कर दिया जाता है और पौधारोपण में होने वाले करोड़ो रुपए खर्च को सरकारी खजाने से निकलकर हजम कर लिया जाता है बृहद् पौधा रोपण में वन विभाग के अधिकारियों का पूरा गिरोह सक्रिय है जो पौधा रोपण में खर्च होने वाले करोड़ो की रकम को प्रत्येक वर्ष हजम करके हिस्सा बंटवारा कर रहा

**पौधारोपण में होने वाले करोड़ो रुपए खर्च को सरकारी खजाने से निकलकर हजम कर गए अधिकारी**



**पौधा रोपण के घोटाले की 3 वर्ष पहले शुरू हुई जांच नहीं हो सकी पूरी**

पौधारोपण में हेरा फेरी करने के मामले में बीते कई वर्षो से शासन द्वारा जांच न कराए जाने से वन विभाग के अधिकारियों के हौसले बढ़ते गए जिसका नतीजा देखने को मिल रहा है कि बीते 14 वर्षो से कौशांबी की धरती में वृहद पौधा रोपण में बड़े घोटाले बढ़ते गए 3 वर्षो पहले पौधारोपण की योगी सरकार ने जांच शुरू कराई थी लेकिन जांच अधिकारी भी भ्रष्टाचार में शामिल हो गए और हिस्सा वसूलकर पूरी जांच की पत्रावली को रद्दी में डाल दिया है 3 वर्ष बाद भी पौधारोपण की जांच नहीं पूरी हो सकी है शासन के अधिकारियों की लापरवाही के चलते बृहद पौधा रोपण में कौशांबी जिले में बहुत बड़े घोटाले हुए हैं कौशांबी की धरती से डेढ़ करोड़ से अधिक पौधे गायब हैं इसमें वन विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े हैं वही वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पौधे रोपित किए गए थे लेकिन सूख गए हैं यदि अधिकारियों की बातों को सही मान लिया जाए की पौध रोपित किए गए हैं और सुख गए हैं तो पौधों के देखरेख में लापरवाही करने वाले इन अधिकारियों पर शासन कब चाबुक चलाएगा जनता इस बात का जवाब शासन प्रशासन से चाहती है वर्ष 2012 से कौशांबी में रोपित किए गए पौधों की यदि शासन ने बिन्दु वार जांच कराई तो वन विभाग के कई अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज होगा उनकी गिरफ्तारी होगी और जेल जाएंगे इसके साथ-साथ विभागीय कार्यवाही होगी निलंबन भी होंगे लेकिन क्या कौशांबी जनपद में पौधारोपण में बड़ा घोटाला कर करोड़ों की रकम डकार करने वाले अधिकारियों पर निष्पक्ष तरीके से जांच हो पाएगी या फिर राजनीतिक दबाव के चलते पौधारोपण में घोटाला करने वाले अधिकारी मौज करते रहेंगे

# शिवपुरी-फतेहपुर संदेश

## सीएम के दौरे पर रविवार को बदलेगी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था

### कई प्रमुख मार्गों पर रहेगा यातायात प्रतिबंध, बसों और चारपहिया वाहनों के लिए अलग पार्किंग

अखंड भारत संदेश



**शिवपुरी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के 5 जुलाई के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने विशेष यातायात व्यवस्था लागू की है। सुरक्षा के मद्देनजर मुख्यमंत्री के आगमन से एक घंटे पहले और कार्यक्रम समाप्त होने के एक घंटे बाद तक कई प्रमुख मार्गों पर सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा। यातायात योजना के अनुसार हवाई पट्टी से झांसी तिराहा, गुरुद्वारा, राजेश्वरी रोड होते हुए एमएम चौराहा तक चारपहिया और भारी वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इस दौरान आम लोगों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की गई है। कोलारस, बदरवास, करेरा, पिछोर, पोहरी, सतनवाड़ा और सुभाषपुरा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आने वाली बसों के लिए अलग-अलग मार्ग और पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। अधिकांश बसों की पार्किंग गांधी पार्क और रेलवे ग्राउंड में कराई जाएगी। चारपहिया वाहनों के लिए भी अलग पार्किंग व्यवस्था की गई है। करेरा, पिछोर, सतनवाड़ा और सुभाषपुरा की ओर से आने वाले वाहनों को पुरानी अनाज मंडी (कस्टम गेट) में, जबकि कोलारस, बदरवास और पोहरी की ओर से आने वाले वाहनों को पुलिस परेड ग्राउंड में पार्क कराया जाएगा। वीआईपी वाहनों की पार्किंग पोलो ग्राउंड के मंच के दाहिनी ओर रहेगी। बारिश की स्थिति में इसे कलेक्टर रोड पर स्थानांतरित किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाओं के वाहनों की आवाजाही पर कोई रोक नहीं रहेगी। ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों से निर्धारित रूट प्लान का पालन करने और अनावश्यक रूप से प्रतिबंधित मार्गों पर जाने से बचने की अपील की है।

## एससी छात्रावासों में प्रवेश शुरू, 20 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

**फतेहपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि जनपद में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत राजकीय अनुसूचित जाति महिला छात्रावास सदर, बालिका छात्रावास सदर, बालक छात्रावास खागा व बालक छात्रावास अढौली में प्रवेश दिया जाएगा। दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति, सामान्य वर्ग व अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे छात्र-छात्राएं जो समाज कल्याण विभाग या कल्याण सेक्टर के अन्य विभाग की छात्रवृत्ति योजना के पात्र हों, आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी https://upswdhms.upsdc.gov.in पर 20 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन की हार्ड कॉपी वांछित अभिलेखों सहित अंतिम तिथि तक संबंधित छात्रावास में जमा करना अनिवार्य होगा।

## फतेहपुर में आधी रात गोलियों की गूंज, खलील नगर में स्कूटी सवारों की फायरिंग से दहशत

अखंड भारत संदेश



**फतेहपुर।** शहर के आबूनगर चौकी क्षेत्र स्थित खलील नगर मोहल्ले में शुक्रवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब स्कूटी सवार अज्ञात युवकों ने कथित तौर पर फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। गोलियों की आवाज सुनते ही आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए, जबकि आरोपी वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना रात करीब 12 से 1 बजे के बीच की है। घटना का लगभग 57 सेकंड का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें स्कूटी सवार संदिग्ध युवक मौके पर आते, कथित रूप से फायरिंग करते और फिर तेजी से फरार होते दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके से मिले साक्ष्यों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फायरिंग की सूचना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल है और स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके। अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल फायरिंग के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। एहतियात के तौर पर क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 6 साल के मासूम का अंगूठा काटने का आरोप

अखंड भारत संदेश

### पुरानी रंजिश में कुल्हाड़ी से हमला बताकर पिता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार




**शिवपुरी।** जिले के बदरवास थाना क्षेत्र से छह वर्षीय मासूम के साथ कथित बर्बरता का मामला सामने आया है। बच्चे के पिता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर गांव के दो लोगों पर पुरानी रंजिश के चलते कुल्हाड़ी से हमला कर बेटे के बाएं हाथ का अंगूठा और एक उंगली काटने का आरोप लगाया है। साथ ही परिवार के साथ मारपीट, धमकी देने और झूठा मामला दर्ज कराने की भी शिकायत की गई है। बदरवास थाना क्षेत्र के ग्राम मदनपुर निवासी रामवीर गुर्जर ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि बुधवार शाम करीब 4 बजे उनका छह वर्षीय बेटा सचिन घर के पास खेल रहा था। आरोप है कि गांव के आनंद गुर्जर और उदयभान गुर्जर उसे अपने घर ले गए, जहां पुरानी रंजिश के चलते कुल्हाड़ी से हमला कर उसके बाएं हाथ का अंगूठा और एक उंगली काट दी गई, जबकि तीसरी उंगली भी गंभीर रूप से घायल हो गई।

**रोते हुए घर पहुंचा मासूम, परिजनों को बताई पूरी घटना :** शिकायत के अनुसार, घायल बच्चा रोते हुए घर पहुंचा और परिजनों को पूरी घटना बताई। रामवीर का कहना है कि घटना के प्रत्यक्षदर्शी भी मौजूद हैं। जब उन्होंने आरोपियों से इसका विरोध किया तो उनके साथ गाली-गलौज की गई और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई।

**समझौते के भरोसे रुके, फिर मारपीट का आरोप :** रामवीर ने आरोप लगाया कि समाज के कुछ लोगों ने समझौते का आश्वासन देकर उन्हें तत्काल पुलिस में शिकायत करने से रोक दिया। बाद में जब गुरुवार शाम परिवार के लोग बच्चे के इलाज और घटना पर बातचीत करने आरोपियों के घर पहुंचे, तो आरोपित पक्ष के कई लोग लाठी-डंडे लेकर उनके घर आ गए और मारपीट की। शिकायत में रामवीर के सिर में लाठी मारकर घायल करने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपित पक्ष ने अपनी ही मां को चोट पहुंचाकर उनके खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज करा दी। उनका दावा है कि इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो उनके पास मौजूद है।

**डायल-112 पर सूचना देने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने का आरोप :** पीड़ित का कहना है कि गुरुवार शाम 6:59 बजे डायल-112 पर सूचना देने के बावजूद पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। उनका आरोप है कि बदरवास थाने बुलाए जाने के बाद भी उनकी शिकायत दर्ज नहीं की गई, जबकि दूसरे पक्ष की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई कर दी गई।

**एसपी से निष्पक्ष जांच और एफआईआर की मांग :** रामवीर गुर्जर ने पुलिस अधीक्षक से बच्चे का मेडिकल परीक्षण कराने, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

**थाना प्रभारी बोले—बच्चे को लेकर थाने आने को कहा है :** इस मामले में बदरवास थाना प्रभारी नवीन यादव ने बताया कि रामवीर पक्ष थाने आया था। दूसरे पक्ष को भी बुलाया गया था, लेकिन उनके आने से पहले ही रामवीर वहां से चले गए। उन्होंने बताया कि उस समय बच्चा भी साथ नहीं था। पुलिस ने बच्चे को साथ लेकर दोबारा थाने आने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों से पूछताछ और जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### फतेहपुर में पारिवारिक विवाद बना मौत की वजह

## पत्नी से बात करने के बाद युवक ने लगाई फांसी

अखंड भारत संदेश



**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले से एक बेहद दुखद मामला सामने आया है। पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने कथित तौर पर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इस घटना से पूरे परिवार और गांव में मातम पसरा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, युवक अपनी पत्नी के मायके से वापस न आने को लेकर काफी समय से परेशान चल रहा था। बताया जा रहा है कि घटना से कुछ देर पहले उसने अपनी पत्नी को फोन किया था। फोन पर उसने पत्नी से बच्चों का ख्याल रखने की बात कही और यह भी कहा कि वह उससे बेहद प्यार करता है।फोन कटने के कुछ ही देर बाद युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो पूरे घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**पुलिस का बयान**

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। युवक के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है और हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। गांव वालों के मुताबिक युवक स्वभाव से शांत था और पत्नी के मायके से न लौटने को लेकर पिछले कई दिनों से तनाव में था। इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर पारिवारिक कलह के भयावह परिणाम को सामने ला दिया है।

## फतेहपुर हाईवे पर लुटेरे से पुलिस की मुठभेड़ हिस्ट्रीशीटर के पैर में लगी गोली, साथी फरार



**फतेहपुर।** जिले के कल्यानपुर थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। हाईवे पर नशीला पदार्थ खिलाकर यात्रियों से लूट करने वाले कुख्यात बदमाश से पुलिस की मुठभेड़ हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी कानपुर रामादेवी से यात्रियों को बोलेरो गाड़ी में बिठाकर फतेहपुर छोड़ने के बहाने ले जाते थे। रास्ते में खाने-पीने की चीजों में नशीला पदार्थ मिलाकर या सुंघाकर बेहोश कर देते थे और फिर नकदी, मोबाइल व अन्य कीमती सामान लूट लेते थे।बीती रात कल्यानपुर पुलिस ने ददन खेड़ा मोड़ के पास घेराबंदी की। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में हिस्ट्रीशीटर शाहनवाज उर्फ साहिल पुत्र मंसूर, निवासी प्रतापगढ़ के पैर में गोली लग गई। उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि उसका दूसरा साथी फिरोज निवासी जलद, कौशाम्बी मौके से फरार हो गया।

**पुलिस बरामदगी:** गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस, लूट में इस्तेमाल की जाने वाली बोलेरो गाड़ी, नगदी और लूट का एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

**पुलिस का बयान:** पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पकड़ा गया बदमाश शाहनवाज शातिर हिस्ट्रीशीटर है। इसके खिलाफ फतेहपुर सहित कई अन्य जनपदों में लूट, हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। फरार साथी फिरोज की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। फिलहाल घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

## सीमांकन के बाद फिर जोती जमीन, विरोध करने पहुंचे पिता-पुत्र पर हमला



**शिवपुरी।** जिले के तेंदुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत लाड़करन गांव में कृषि भूमि को लेकर चल रहे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सीमांकन के बाद कब्जा हटाई गई जमीन पर दोबारा जुताई करने का विरोध करने पहुंचे पिता-पुत्र पर कथित रूप से 10 से 12 लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। दोनों घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जिला अस्पताल में भर्ती संजीव परिहार (32) ने बताया कि लाड़करन स्थित उनकी करीब 8 बीघा कृषि भूमि पर खेरौना गांव के कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा था। करीब दो माह पहले राजस्व विभाग ने सीमांकन कराकर कब्जा हटवाया था, जिसके बाद उन्होंने तीन दिन पहले अपने खेत की जुताई कराई थी। संजीव के अनुसार, गुरुवार शाम सूचना मिली कि कुछ लोग फिर से ट्रैक्टर से उनकी जमीन जोत रहे हैं। इस पर वह अपने पिता राम सिंह परिहार (52) के साथ खेत पहुंचे और विरोध किया। आरोप है कि खेत पर मौजूद भरत रावत, हजारी रावत, राजेश रावत, बुद्धा, टिल्लू, बलवीर रावत सहित 10 से 12 लोगों ने लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से उन पर हमला कर दिया। मारपीट में पिता-पुत्र घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजन दोनों घायलों को गुरुवार रात उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज जारी है। तेंदुआ थाना प्रभारी नीतू सिंह धाकड़ ने बताया कि घायलों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। जांच के बाद प्राप्त तथ्यों के आधार पर संबंधित आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विवाद कृषि भूमि पर स्वामित्व और कब्जे को लेकर चल रहा है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## करोड़ों की गोशाला पर लटका ताला, सड़कों पर अन्ना गोवंश का डेरा, राहगीर परेशान

अखंड भारत संदेश



**विजयीपुर/फतेहपुर।** नगर पंचायत विजयीपुर में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित अस्थायी गोशाला का संचालन शुरू न होने से अन्ना गोवंश की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। गोशाला बनकर तैयार होने के बावजूद उस पर अब तक ताला लटका है, जबकि दूसरी ओर नगर की मुख्य सड़कें, बाजार और मोहल्ले दर्जनों निराश्रित गोवंशों से पटे पड़े हैं। इससे आम लोगों के साथ-साथ व्यापारियों और वाहन चालकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत क्षेत्र में लंबे समय से छुट्टा गोवंश की समस्या बनी हुई है। सुबह से लेकर देर रात तक गोवंश मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, पुरानी बाजार और प्रमुख मार्गों पर घूमते रहते हैं। कई बार ये गोवंश सड़क के बीचों-बीच बैठ जाते हैं, जिससे यातायात बाधित हो जाता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। रात के समय यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि अंधेरे में सड़क पर बैठे गोवंश वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते।जानकारी के अनुसार, करीब 500 गोवंशों की क्षमता वाली यह अस्थायी गोशाला का निर्माण पिछले वर्ष शुरू किया गया था , निर्माण कार्य पूरा करने की अंतिम तिथि मार्च 2026 निर्धारित की गई थी, लेकिन समय पर कार्य पूरा नहीं हो सका। इसके बाद तत्कालीन जिला अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को गोशाला का संचालन जल्द शुरू कराने के निर्देश देते हुए निर्धारित समय सीमा भी तय की थी। बावजूद इसके, गोशाला आज तक शुरू नहीं हो सकी।नगरवासियों का आरोप है कि संबंधित विभागों की उदासीनता और प्रशासनिक लापरवाही के कारण करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी गोशाला का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यदि समय रहते गोशाला का संचालन शुरू कर दिया जाता तो बड़ी संख्या में छुट्टा गोवंशों को वहां सुरक्षित रखा जा सकता था और नगर की सड़कों पर उनकी आवाजाही कम हो जाती। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि अन्ना गोवंश अक्सर दुकानों के सामने रखी सब्जियां, फल और अन्य सामान खा जाते हैं, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। कई बार गोवंश आपस में लड़ पड़ते हैं, जिससे आसपास मौजूद लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन जाती है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भी इनसे खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है। नगर के सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों का भी कहना है कि करोड़ों रुपये की सरकारी योजना का उद्देश्य निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित आश्रय देना था, लेकिन संचालन शुरू न होने से योजना का लाभ धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है। लोगों ने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए और गोशाला को तत्काल संचालित कराया जाए। इस संबंध में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) डॉ. देवव्रत गंगवार का कहना है कि हाल ही में गोशाला का निरीक्षण किया गया है। गोशाला पूरी तरह तैयार है, लेकिन अधिशासी अधिकारी (ईओ) के तबादले के कारण संचालन शुरू होने में देरी हुई।

## न्यूज झरोखा

### यूपी टीईटी-2026: डीएम-एसपी ने केंद्रों का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं



**फतेहपुर।** शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण व नकलविहीन संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सघन चेकिंग, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली व परीक्षा कक्षों की निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया।डीएम व एसपी ने ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा को पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता से संपन्न कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि परीक्षा की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### बरसात से बचाव को 132 बच्चों को बांटी होम्योपैथिक दवा, नशामुक्ति की दिलाई शपथ



**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, आरोग्य भारती व दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में गुरुवार 03 जुलाई को डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में औषधि वितरण अभियान चलाया गया।फतेहपुर चेयरमैन, कार्यकारिणी सदस्य उत्तर प्रदेश एवं आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने कम्पोजिट विद्यालय बक्सपुर के 55 और कम्पोजिट विद्यालय मलाका के 77, कुल 132 बच्चों को बरसात जनित बीमारियों से बचाव व रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली होम्योपैथिक दवा वितरित की।इस दौरान बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए भोजन से पहले व शौच के बाद साबुन से हाथ धोने की सलाह दी गई। डॉ अनुराग ने तम्बाकू से कैंसर और अल्कोहल से लीवर सिरोसिस जैसे दुष्परिणाम बताकर बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कमलेश कुमार, ललिता देवी व इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के प्रबंध समिति सदस्य सुरेश कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### खेत में सिंचाई के दौरान किसान की करंट लगने से मौत



**शिवपुरी।** जिले के मणिखेड़ा गांव में शुक्रवार सुबह खेत में सिंचाई के दौरान करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। बोरवेल संचालित करते समय किसान विद्युत करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे गंभीर हालत में तत्काल मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, मणिखेड़ा निवासी माथुर जाटव (40) पुत्र भरोसा जाटव शुक्रवार सुबह अपने खेत में सिंचाई करने गए थे। इसी दौरान बोरवेल की विद्युत व्यवस्था में करंट आने से वह उसकी चपेट में आ गए और खेत में ही बेहोश होकर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा उन्हें तत्काल उपचार के लिए शिवपुरी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर मेडिकल कॉलेज चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में किसान की मौत का कारण करंट लगना माना जा रहा है। पुलिस हादसे के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है।

### परिवार परामर्श केंद्र की पहल: दो दंपति ने भूले मतभेद, फिर साथ रहने को हुए राजी



**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में गुरुवार 03 जुलाई को पुलिस लाइन स्थित महिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केंद्र में पति-पत्नी के बीच चल रहे पारिवारिक विवादों का निस्तारण किया गया।प्रभारी निरीक्षक संगीता सिंह ने काउंसलिंग के जरिए दो प्रकरणों में दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता कराई। आपसी बातचीत और समझाइश के बाद दोनों दंपति ने वैचारिक मतभेद व मनमुटाव भुलाकर फिर से साथ रहने पर सहमति जताई।इस दौरान महिला आरक्षी शिप्रा पाठक व यशस्वी शर्मा भी मौजूद रहीं। परिवार परामर्श केंद्र में रोजाना पति-पत्नी के विवादों में काउंसलिंग कर परिवारों को टूटने से बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### डबरा में अवैध हथियार के साथ शिवपुरी का युवक गिरफ्तार, देसी तमंचा और जिंदा कारतूस जब्त



**डबरा।** डबरा सिटी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए झांसी रोड स्थित नहर पुलिया के पास एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी शिवपुरी जिले का निवासी है। उसके कब्जे से 315 बोर का एक देसी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना प्रभारी संजय शर्मा को शुक्रवार सुबह मुखबिर से सूचना मिली थी कि झांसी रोड नहर पुलिया के पास एक युवक अवैध हथियार लेकर संदिग्ध अवस्था में खड़ा है और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने प्रधान आरक्षक शिवशांत पांडे, दिनेश सिंह तथा आरक्षक दीपक रावत और विनोद रावत की टीम गठित कर मौके पर रवाना किया। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर संदिग्ध युवक की घेराबंदी कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसकी कमर से 315 बोर का एक देसी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुरेश उर्फ पिंकी रावत (34) निवासी ग्राम दौनी, थाना सीहोर, जिला शिवपुरी बताया। उसने यह भी बताया कि वह वर्तमान में ग्वालियर में रह रहा है। पुलिस आरोपी से यह पूछताछ कर रही है कि अवैध हथियार उसने कहां से प्राप्त किया और उसे अपने साथ रखने का उद्देश्य क्या था। मामले में आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आगे की जांच जारी है।

### जर्जर स्कूल भवन की छत गिरी, बड़ा हादसा टला

**शिवपुरी।** जिले के बदरवास जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत ईचौनिया के चक्क मोहम्मदपुर स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय के जर्जर भवन की छत गिरने से बड़ा हादसा टल गया। राहत की बात यह रही कि जिस समय छत गिरी, उस वक्त भवन में कोई छात्र या कर्मचारी मौजूद नहीं था। घटना के बाद जहां ग्रामीणों ने विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति और नियमित संचालन पर सवाल उठाए हैं, वहीं हादसे के समय को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों और स्थानीय लोगों के बयानों में भी विरोधाभास सामने आया है। ग्रामीणों का दावा है कि विद्यालय भवन की छत शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे गिरी। उनका कहना है कि उस समय विद्यालय में न तो शिक्षक मौजूद थे और न ही बच्चे। उनका आरोप है कि यदि नियमित रूप से कक्षाएं संचालित हो रही होतीं, तो यह घटना किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती थी। वहीं विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य पूजा विजौले ने बताया कि संबंधित भवन लंबे समय से जर्जर था। सुरक्षा की दृष्टि से अप्रैल माह से माध्यमिक विद्यालय की कक्षाएं प्राथमिक विद्यालय भवन में संचालित की जा रही थीं। उन्होंने कहा कि छत गिरने की सूचना मिलते ही उन्होंने मौके पर पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी।

# जनपद में मानकों के अनुरुप ही संचालित होंगे शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल व होटल

## 17 कोचिंग संस्थाओं को नोटिस, फायर सेफ्टी पर प्रशासन सख्त

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की उपस्थिति में चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा जनपद के समस्त रेस्टोरेंट, लाइब्रेरी शैक्षणिक संस्थानों नर्सिंग होम एवं अस्पताल आदि में मानको के अनुरूप आवश्यक गतिविधियों एवं अग्निशमन सुरक्षा संबन्धी उपायों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा अधिनियम 2016 के अन्तर्गत समस्त शैक्षणिक, सामुदायिक, व्यावसायिक अग्निशमन सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना विधिक रूप से अनिवार्य है। समस्त भू-स्वामी अग्निशमन सुरक्षा संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए भवनों में मानक अनुसार संबंधित उपकरण स्थापित करें। प्रत्येक सार्वजनिक भवनों में आपात स्थिति की दशा में दो निकास द्वार एवं निर्धारित चैड़ाई की सीढियां एवं आवश्यक जल भण्डारण जरूर स्थापित करें। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बताया गया कि मानकों की अनदेखी पर अब तक 17 कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किया जा चुका है। सभी कोचिंग/प्रशिक्षण संस्थानों को नियमानुसार संस्थान संचालित किए जाने के संबंध में अवगत कराया गया कि मानक अनुसार बुनियादी सुरक्षा व्यवस्थाएं स्थापित करें।

सचिव, विकास प्राधिकरण द्वारा सभी प्रतिष्ठानों को स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप ही भवन उपयोग किए जाने के निर्देश दिए गए। जिन भवन स्वामियों द्वारा स्वीकृत आवासीय मानचित्र के विपरीत व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, को शीघ्र उपयोग के अनुसार मानचित्र स्वीकृत करा लें।

पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं पर बल देते हुए कहा कि संस्थानों में अग्निशमन उपकरण तो उपलब्ध होते हैं, परन्तु उनके संचालन के लिए स्टाफ प्रशिक्षित नहीं होता है। पुलिस अधीक्षक ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित किया कि वे अपनी टीम के माध्यम से जनपद के समस्त होटलों व संस्थान कर्मियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करें। होटलों और व्यावसायिक भवनों में पानी के ऐसे ओवरहेड/अण्डर ग्राउंड टैंक निर्मित होने चाहिए, जिनमें फायर ब्रिगेड के वाहनों के अनुकूल सेक्सन कपलिंग या वाटर रीफिलिंग सिस्टम स्थापित हों ताकि अग्निशमन के समय पानी समाप्त होने पर वहां से तत्काल बैकअप लिया जा सके।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कडा रूख अपनाते हुए कहा गया कि जिन भवनों का मानचित्र आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृत है उनका व्यावसायिक (होटल, रेस्टोरेंट, हास्पिटल) के रूप में उपयोग पूर्णतयाः प्रतिबंधित है। सभी भवन स्वामी एक सप्ताह के अन्दर नियमानुसार मानचित्र स्वीकृत करा ले एवं मानक अनुसार अग्निशमन सुरक्षा से संबंधित समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए भवन में अग्निशमन सम्बंधित उपकरण स्थापित करें। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर कोचिंग संस्थानों द्वारा पंजीकरण न कराए जाने की स्थिति में निर्धारित जुमार्ने की राशि अधिरोपित करें। निर्धारित समय-सीमा में सभी संस्थान अपनी कमियों में सुधार कर लें अन्यथा की दशा में प्रशासन को सीलिंग व ध्वस्तीकरण जैसी कठोर कार्यवाही के लिए बाध्य होना पडेगा। यह व्यवस्था जनता की सुरक्षा के लिए है, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता अक्षम्य होगी।

बैठक में जनपद के समस्त कोचिंग, प्रशिक्षण संस्थान, होटल, रेस्टोरेंट, नर्सिंग होम आदि से सम्बंधित प्रतिनिधि एवं पुलिस अधीक्षक, चित्रकूट, जिला विद्यालय निरीक्षक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, पर्यटन अधिकारी, सचिव विकास प्राधिकरण आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# यूटीआर अभियान के तीसरे चरण को सफल बनाने पर जोर

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में इला चैधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार को लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम में कार्यरत अधिवक्ताओं के साथ बैठक की गयी।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि बैठक का उद्देश्य आपराधिक मामलों में पात्र व्यक्तियों को मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण कानूनी सहायता प्रदान करना है। इस बैठक में मुख्य रूप से विचाराधीन बंदियों से संबन्धित मामलों की समीक्षा, कानूनी रणनीति, और कमजोर वर्गों को सुलभ न्याय सुनिश्चित करने पर चर्चा की गयी।

बैठक में यूटीआरसी कैम्पेन 2026 की तृतीय चरण को सफल बनाने के लिए चर्चा की गयी। सचिव द्वारा समस्त न्यायरक्षकगण को यह भी निर्देशित किया गया कि जिलाकारागार चित्रकूट में विजिट कर अधीक्षक जिलाकारागार से समन्वय स्थापित कर पात्र बन्दियों को चिन्हित करना सुनिश्चित करें।

बैठक में गया प्रसाद निषाद मुख्य न्याय रक्षक, चन्द्रपाल उपमुख्य न्याय रक्षक, शिवशंकर उपाध्याय उपमुख्य न्याय रक्षक, कुलदीप सिंह सहायक न्याय रक्षक, योगेन्द्र सिंह सहायक न्याय रक्षक तथा स्वाती तिवारी सहायक न्याय रक्षक उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समस्त न्यायरक्षकगण को निर्देशित किया गया कि उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में आयोजित होने वाले समाधान समारोह 2026 के अन्तर्गत दिनांक आगामी 21, 22 एवं 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के आयोजन के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय में लंबित ऐसे मामले जो आपसी सहमति से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किया जाएगा। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित पारिवारिक मामले, दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, भू -अधिग्रहण, आपराधिक सुलहनीय मामले, श्रम सम्बन्धी विवाद तथा ऐसे मामले जो आपसी सहमति से निस्तारित किए जा सकते हैं।

# ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार का सुनहरा अवसर, आरसेटी में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

**चित्रकूट।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के मार्गदर्शन में संचालित इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, भांगा (शिवरामपुर) चित्रकूट द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न रोजगारोन्मुख एवं स्वरोजगार आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं, महिलाओं एवं स्वरोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना तथा रोजगार एवं उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख रुप से रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग, माइक्रो इंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम, पापड़, अचार एवं मसाला पाउडर निर्माण, महिला सिलाई प्रशिक्षण, बकरी पालन, ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट, सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉलेशन एवं सर्विसिंग, कंप्यूटरीकृत अकाउंटिंग (असिस्टेंट बुक कीपर), अगरबत्ती निर्माण, आर्टिफिशियल ज्वेलरी निर्माण, डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कम्पोस्ट, फाइनेंशियल लिटरेसी, साफ्ट टॉयज निर्माण, मुर्गी पालन, फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी, हाउस वायरिंग, ट्रैवल एवं टूरिस्ट गाइड, मशरूम कल्टीवेशन, कृषि उद्यमिता, फास्टफूड इंस्टॉल सहित अन्य प्रशिक्षण भी उपलब्ध हैं। आवश्यक अभिलेख जिसमें आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, पासपोर्ट आकार फोटो एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज। मनरेगा जॉब कार्ड धारक, एनआरएलएम समूह सदस्य, अंत्योदय/राशन कार्ड धारक, प्रधानमंत्री आवास लाभार्थी एवं अन्य पात्र अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। जिसमें अभ्यर्थियों के आवेदन की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष है।

# यूपीटीईटी के चलते छह जुलाई को होगा संपूर्ण समाधान दिवस

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) के प्रस्तावित आयोजन को देखते हुए चार जुलाई को होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस अब छह जुलाई (सोमवार) को आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार दो, तीन और चार जुलाई को परीक्षा प्रस्तावित है। इसी कारण चार जुलाई के स्थान पर छह जुलाई को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को समय से उपस्थित होकर जनसमस्याओं की सुनवाई एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

# धरती माता बचाओ अभियान के अंतर्गत समस्त सहकारी समितियों के सचिवों एवं विक्रेताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

अखंड भारत संदेश




**चित्रकूट।** उपक्षेत्र प्रबंधक इफको रामवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को धरती माता बचाओ अभियान के अंतर्गत संतुलित उर्वरक उपयोग एवं नैनो उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जनपद की समस्त सहकारी समितियों के सचिवों एवं सहकारी बिक्री केंद्रों विक्रेताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड चित्रकूट द्वारा पंकज अग्रवाल अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक बांदा/चित्रकूट की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम में जिला सहकारी संघ चित्रकूट के अध्यक्ष एवं प्रगतिशील किसान योगेश जैन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सचिवों को जैव उर्वरक, बायो इंस्टूमुलेंट सागरिका, नेचुरल पोटाश, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो जिंक इत्यादि के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई एवं निर्देशित किया गया कि समिति पर आने वाले किसानों को धान फसल के बजाय अन्य फसलें जैसे बाजरा, ज्वार, तिल, उर्द, मूंग व अरहर इत्यादि खेती करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही इन नवीन कृषि आदान उत्पादों की तकनीकी जानकारी भी उपलब्ध कराएं जिससे किसान लाभान्वित हों एवं रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को जनपद में कम किया जा सके।

इस कार्यक्रम का संचालन उपक्षेत्र प्रबंधक इफको चित्रकूट द्वारा किया गया एवं इफको एमसी क्रॉप साइंस लिमिटेड फतेहपुर के अधिकारी कपिल गंगवार द्वारा फसलों में लगने वाले, कीड़े बीमारी इत्यादि के रासायनिक एवं जैविक नियंत्रण के उपाय की तकनीकी जानकारी दी गई। गत वर्ष नैनो उर्वरकों की सर्वाधिक बिक्री करने वाले सहकारी समिति सचिव प्रेमचंद को अध्यक्ष, पंकज अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया। अध्यक्ष द्वारा समिति सचिवों को किसानहित एवं संस्थाहित में कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।

जिला सहकारी संघ चित्रकूट के अध्यक्ष द्वारा नैनो उर्वरक पर अपने खेत में लगाए गए प्रदर्शन के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि जैविक खेती में जैविक उत्पादों के साथ-साथ वह नैनो डीएपी का भी उपयोग करते है। जिससे खेती में लाभ हो रहा है। किसानों को सही मूल्य पर सही जानकारी के साथ उर्वरक एवं अन्य कृषि आदान उपलब्ध करने के लिए निर्देशित किया गया। एडीसीओ सहकारिता राजराजेश्वर सिंह द्वारा समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में एडीओ कोऑपरेटिव विजेंद्र मिश्रा एवं एसएफए इफको आदित्य पटेल ने भी प्रतिभाग किया।

# मोहना नदी के जीर्णोद्धार में जुटे जनप्रतिनिधि और प्रशासन

## नदी से संरक्षण से बढेगा जल संरक्षण और किसानों को मिलेगा लाभ

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** जनपद की ग्राम पंचायत कोटवा के चचोखर मजरा में शुक्रवार को मोहना नदी के जीर्णोद्धार कार्य का कार्यक्रम विधायक मऊ/मानिकपुर अविनाश द्विवेदी एवं जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक एवं जिलाधिकारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया तथा मोहना नदी के जीर्णोद्धार कार्य में श्रमदान कर जनभागीदारी का संदेश दिया।

इस अवसर पर विधायक अविनाश द्विवेदी ने कहा कि जिलाधिकारी पुलकित गर्ग जनपद में आगमन के पश्चात लगातार भ्रमण कर जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ संपादित करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मोहना नदी का जीर्णोद्धार कार्य जिला खनिज फाउंडेशन की लगभग 74 लाख रुपये की धनराशि से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नदी संरक्षण एक सामाजिक दायित्व है तथा इसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है।

विधायक ने कहा कि गोइयां खुर्द क्षेत्र की नदी के जीर्णोद्धार के संबंध में भी जिलाधिकारी के साथ चर्चा की गई है तथा उसके संबंध में पत्राचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नदियों की साफ-सफाई एवं पुनर्जीवन से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जहां-जहां नदी में गहरे जलाशय हैं, वहां चेक डैम के माध्यम से पानी को संरक्षित किया जाएगा, जिससे कृषि कार्यों को लाभ मिलेगा।

जिलाधिकारी गर्ग ने उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गत माह निरीक्षण के दौरान जानकारी प्राप्त हुई थी कि मोहना नदी की कई वर्षों से सफाई नहीं हुई है, जिसके कारण यह नदी विलुप्त होने की स्थिति में पहुंच गई थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार जनपद की नदियों की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने बताया कि लगभग 15 किलोमीटर लंबी इस नदी का जीर्णोद्धार जिला खनिज फाउंडेशन के माध्यम से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खुदाई से निकलने वाली मिट्टी किसानों के लिए निःशुल्क उपलब्ध है तथा किसान अपने खेतों की उर्वरता एवं समतलीकरण के लिए इसका उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कई किसान अपने खेतों के लिए मिट्टी ले भी जा रहे हैं। इस दौरान कृषक राजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने लगभग 30 ट्रॉली मिट्टी अपने खेतों में डलवाई है। जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक किसानों से इस योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया।

साथ ही उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने, तालाबों में जल संचयन करने तथा तालाबों के जीर्णोद्धार में भी सहयोग करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान मिट्टी परिवहन एवं जन सहभागिता में योगदान देने वाले अभी तक लगभग 100 से ज्यादा किसान 80000 घन मीटर मिट्टी के उपयोग ले चुके हैं। किसानों मे राजेश कुमार, पुष्पराज यादव, अमित द्विवेदी, अजयपाल, ब्रजेश पाण्डेय एवं टीकू द्विवेदी आदि को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान अमित कुमार पाण्डेय एवं शैलेश शुक्ला द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी मऊ आर.आर. रमन, अधिशासी अभियंता सिंचाई पी.के. मिश्रा, प्रभारी विकास खंड अधिकारी संजय पाण्डेय सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान की सह पर सरकारी बोर में अवैध कब्जा

**चित्रकूट।** मानिकपुर विकास खण्ड के अमचुर नेरुआ ग्राम पंचायत मे सरकारी बोर का निजी उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान प्रिया द्विवेदी की सह पर सरकारी बोर में निजी व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिसमें सबमर्सिबल डालकर हैंडपम्प सेट निकाल लिया गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में बताया है कि ग्राम प्रधान की सरपरस्ती में सरकारी बोर में जबरन कब्जा कर लिया गया है। ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी बोर से हैंडपम्प सेट गायब करवा दिया गया है। जिससे गांव में पेयजल संकट बरकरार हैं। जबकि यह हैंडपम्प महर्षि मार्कण्डेय आश्रम जाने वाले मार्ग का इकलौता हैंडपम्प है, लेकिन ग्राम प्रधान ने इसे भी बंद करा दिया है। ग्रामीण सचिन, शिवा, कमलेश आदि ग्रामीणों द्वारा जब उच्चधिकारियों से शिकायत की तो प्रधान पति मनोज द्विवेदी द्वारा गालीगलौज किया जा रहा है। ग्राम प्रधान पति मनोज प्रसाद की खुली गुंडई सामने आई है। सरकारी संपत्ति में एक तरफा हक जमाने वाले प्रधान पति पर ग्रामीणों ने कार्यवाई की मांग की है। जिम्मेदारों पर इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिए जाने का आरोप लगाया है। अब देखना यह होगा कि सरकारी बोर पर अवैध कब्जा हटवाने में जिम्मेदार कितनी संजीदगी दिखाते हैं, या एसे ही ग्रामीणों को पेयजल किल्लत सेंड सामना करना पडेगा।

# ग्रामीणों की समस्याओं का मौका-ए- निस्तारण के लिए ग्राम चौपाल का सफल आयोजन

**चित्रकूट।** प्रदेश शासन ग्राम्य विकास एवं जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के अनुपालन में अरूण कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास खण्ड कर्वी की ग्राम पंचायत डिलौरा मे सफल ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों की समीक्षा की गयी तथा ग्रामीणो की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। चौपाल में उपस्थित ग्राम सचिव द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना आदि योजनाओ के बारे में ग्रामवासियों को बताया गया। जनचैपाल दौरान ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया है कि बरसात के मौसम में ग्राम में गंदगी ज्यादा फैलती है तथा साफ-सफाई कराए जाने को कहा गया। खण्ड विकास अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया गया है कि ग्राम में गंदगी पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा जहां भी गंदगी फैली नजर आए वहां तत्काल साफ सफाई कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही ग्राम में लगे सफाईकर्मी को निर्देशित करें कि प्रतिदिन सफाई करें तथा ग्रामवासियों को भी बताया गया कि अनावश्यक गंदनी न फैलाएं, उचित स्थान में ही कचडा डालें और स्वभाव में परिवर्तन लाते हुए गांव को स्वच्छ बनाने में तैनात सफाईकर्मी की मद करें। जिससे समस्त ग्रामवासियों को साफ माहौल और स्वच्छ वातावरण मिल सकें।

जिसमें महिमा विद्यार्थी खण्ड विकास अधिकारी कर्वी, धर्मेन्द्र कुमार यादव एडीओ पंचायत, अशोक कुमार वर्मा राजस्व लेखपाल, रामभरोस ग्राम सचिव, एएनएम, आशा बहू, आंगनवाडी कार्यकत्री, कोटेदार, अन्य कर्मचारीगण, ग्राम प्रधान व ग्रामीण उपस्थित रहें।

# अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपाइयों ने रक्त दान कर पेश की मानवता की मिशाल

अखंड भारत संदेश

**बाँदा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस के शुभ अवसर क्रमशः साप्ताहिक कार्यक्रम पर लोक सभा प्रभारी उमेश यादव के नेतृत्व में जिला अस्पताल गए और अपना खून दान कर अखिलेश की लंबी उम्र की कामना की खून देने वालों में प्रमोद गुप्ता राजा राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा ने कहा कि खून का एक एक कतरा अखिलेश भईया के लिए न्योछावर है, निलेश श्रीवास और राजेश शिवहरे ने भी अपना रक्त दान किया इसके बाद बांदा विधानसभा अध्यक्ष लालमन यादव के फार्म हाउस में एक पेड़ लगाया गया और विश्वास दिलाया कि इस पेड़ को सुरक्षित कर बड़ा किया जायेगा एवं यशस्वी जीवन तथा जनसेवा के लिए निरंतर शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई सभी ने अखिलेश यादव के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की मंगलकामना की।इस अवसर पर लोक सभा प्रभारी उमेश यादव, छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद गुप्ता राजा, ओम नारायण त्रिपाठी विदित, आमिर खान मन्नी, राजन चंदेल, प्रियांशु गुप्ता, अबरार फारूकी, प्रदीप परिहार ह्यबौवाह्न, निलेश श्रीवास्तव, अर्जुन यादव, रईस, मुमताज अली, श्रीकांत यादव, इमरान अली, अशोक गौर, लालमन यादव राजेश शिवहरे, पंकज यादव, रहीस खान, इरफान खान, मन्नी कश्यप, निलेश श्रीवास अशोक सिंह गौर, मुश्ताक अहमद सहित समाजवादी पार्टी के अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# चोरी के सामान सहित चार शातिरों को पुलिस ने दबोचा

**बाँदा।** थाना कोतवाली नगर विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी दीपक सैनी व उनकी टीम द्वारा ट्यूबलेल का ताला तोड़कर चोरी करने वाले सुमित पुत्र सँतोष निवासी खरेही खप्टिहाकला थाना पैलानी रामबाबू पुत्र सभाजीत निवासी मवई थाना कोतवाली नगर हरिशंकर पुर दिलीप निवासी मवई पप्पू पुत्र विजयकिशोर निवासी मवई बुजुर्ग थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार कर लिया है । गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के मवई वुजुर्ग के रहने वाले अनुरुद्ध प्रताप ने कल दिनांक 02.जुलाई को थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी थी कि दिनांक 28 जून की रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके ट्यूबवेल का ताला तोड़कर मोटर स्टार्टर, लोहे की पाइप, केबल तार आदि की चोरी कर ली है तथा सिचाई वाले पाइप व अन्य सामानों में आग लगा दिया था । सूचना पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था । जिसके क्रम में आज दिनांक 03.जुलाई को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ युवक एक कबाड़ की दुकान पर लोहे की पाइप बेचने की बात कर रहे है जो संदिग्ध प्रतीत हो रहे है । सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल पुलिस द्वारा बताए स्थान मवई चौराहे के पास दबिश देकर 04 अभियुक्तों को पकड़ लिया गया । मौके से चोरी के सामान भी बरामद हुए है । पूछताछ में अभियुक्तों ने चोरी के जुर्म को स्वीकार किया साथ ही केबल तार से तांबा निकलाने के लिए केबल को भी जलाना भी स्वीकार करते हुए बताया कि वे सभी रात्रि में घूमते रहते है तथा जहां कही भी लावारिस वस्तु मिलती है या ऐसे मकान जहां रात्रि में कोई नहीं रहता है वहां पर चोरी कर लेते है । इस सम्बन्ध पुलिस द्वारा गहनता से जांच की जा रही है कि इनके द्वारा और किन-किन स्थानों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है साथ ही इन सभी के आपराधिक इतिहास के बारे में भी जानकारी की जा रही है ।

# डीआरएम ने झांसी-बांदा रेलखंड का किया निरीक्षण डबलिंग कार्य और यात्री सुविधाओं की समीक्षा

अखंड भारत संदेश



**बांदा।** झांसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) अनिरुद्ध कुमार ने शुक्रवार को परख निरीक्षण यान से झांसी-बांदा रेलखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वर्षा ऋतु को देखते हुए ट्रैक, संरक्षा व्यवस्था और रेल संचालन की तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों को सुरक्षित एवं निर्बाध रेल संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने कबरई, बदौसा, अतर्रा, बांदा और हरपालपुर रेलवे स्टेशनों का दौरा किया। उन्होंने यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

बदौसा और अतर्रा स्टेशनों पर डीआरएम ने खुरहंड-अतर्रा-बदौसा रेलखंड के ट्रैक दोहरीकरण (डबलिंग) कार्यों और प्रस्तावित नॉन-इंटरलॉकिंग से पहले की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप तय समय में पूरा करने पर जोर दिया। बांदा रेलवे स्टेशन पर डीआरएम ने लॉबी, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, सकुर्लेटिंग एरिया और आरपीएफ कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा, निगरानी व्यवस्था और यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद डीआरएम अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि सुरक्षित, संरक्षित और समयबद्ध रेल संचालन रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से संरक्षा मानकों का पालन करते हुए सभी विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान रेलवे के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# इजराइल ने निभाई यारी, भारत गदगद, अजरबैजान हैरान!



**इजराइल**

**कल** तक जो अजरबैजान पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाकर भारत के आंतरिक मामलों पर जहर उगल रहा था, आज उसकी हालत उस चूहे जैसी हो गई है जो खुद के बनाए बिल में ही फंस गया है। आज अजरबैजान को एक नहीं बल्कि दो-दो मोर्चों पर ऐसा रणनीतिक तमाचा पड़ा है कि बाकू से लेकर इस्लामाबाद तक मातम का माहौल है। एक तरफ भारत के वो कमजोर नस दबा दी है जिसे छूने की हिम्मत पिछले 100 सालों से किसी ने नहीं की थी। इजराइल की संसद और सरकार ने एक ऐसा अप्रत्याशित कदम उठाया है जिसे तुर्की और अजरबैजान के ताबूत में आखिरी कील माना जा रहा है। दरअसल इजराइली सरकार ने आधिकारिक तौर पर 1915 के अर्मेनिया नरसंहार यानी अर्मेनियन जेनोसाइड को मान्यता दे दी है। यह कोई छोटी मोटी बात नहीं है दोस्तों। पिछले कई दशकों से इजराइल इस मुद्दे पर चुप था क्योंकि अजरबैजान उसका बड़ा व्यापारिक साझेदार था। इजराइल को अपनी ऊर्जा जरूरतों का 40% तेल अजरान से मिलता था और बदले में इजराइल उसे हथियार देता था। लेकिन जब तुर्की के राष्ट्रपति एदोर्गान ने इजराइल के खिलाफ हमास का समर्थन किया और अजरबैजान ने पाकिस्तान की गोद में बैठकर भारत को आंखें दिखाई तो इजराइल ने अपनी रणनीति बदल दी। विदेश मंत्री गिदोन सार ने स्पष्ट कहा कि इतिहास की सच्चाई को स्वीकार करने में अब और देरी नहीं की जा सकती है। 15 लाख अर्मेनियाई लोगों की हत्या को मान्यता देकर इजराइल ने अजरबैजान और तुर्की के उस ईगो को कुचल दिया है जिसे वह पूरी दुनिया में छिपाते फिर रहे थे।

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ऑटुमन साम्राज्य यानी आज का तुर्की ने सुनियोजित तरीके से अर्मेनियाई ईसाइयों का कत्लेआम किया था। 24 अप्रैल 1915 को शुरू हुए इस खूनी खेल में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सीरिया के तपते रेगिस्तानों में भूखा प्यासा मरने के लिए छोड़ दिया गया। तुर्की और उसका छोटा भाई यानी अजरबैजान आज तक इस सच्चाई को दुनिया से छिपाते आए हैं। लेकिन अब इजराइल, अमेरिका और रशिया और जर्मनी जैसे 32 बड़े देशों ने इसे जेनोसाइट मान लिया है। इजराइल का यह फैसला अजर-बैजान के लिए एक बहुत बड़ा कूटनीतिक चेकमेट है क्योंकि अब वह दुनिया के सामने नैतिक रूप से अकेला पड़ गया है।

## ईरान से बातचीत, अमेरिका से डील! होर्मुज संकट में भारत की मजबूत कूटनीति ने बताया कितना बड़ा ऊर्जा संकट?



**होर्मुज**

**ऐसा** लगता है कि भारत एनर्जी संकट को संभालने के दौर से निकलकर धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहा है। कमर्शियल LPG की कीमतें कम हुई हैं, बाजार के कुछ हिस्सों में ईंधन की कीमतें नरम पड़ने लगी हैं और वेस्ट एशिया में तनाव कम होने तथा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से शिपिंग धीरे-धीरे बहाल होने के कारण ग्लोबल कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई है। यह राहत चार महीने के उस दौर के बाद मिली है, जब भारत को हाल के वर्षों में एनर्जी सिक्योरिटी की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक का सामना करना पड़ा था। यह चुनौती 28 फरवरी, 2026 को वेस्ट एशिया में शुरू हुए सैन्य संघर्ष के दौरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में आई रुकावट के कारण पैदा हुई थी।

विश्व के लगभग 20% समुद्री कच्चे तेल और बड़ी मात्रा में एलपीजी और एलएनजी के परिवहन का मार्ग प्रशस्त करने वाले इस रणनीतिक जलमार्ग के बंद होने से भारत के लिए गंभीर चुनौती खड़ी हो गई, जो अपनी लगभग 90% कच्चे तेल की आवश्यकताओं और लगभग 60% एलपीजी की मांग के लिए आयात पर निर्भर है। इस संकट के बावजूद, देश ने पेट्रोल पंपों पर ईंधन की कमी से बचा, घरेलू एलपीजी की आपूर्ति निर्बाध रूप से बनाए रखी और उपभोक्ताओं को वैश्विक ऊर्जा कीमतों में वृद्धि के पूर्ण प्रभाव से सुरक्षित रखा।

## डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान, ईरान से 'बहुत अच्छे' हैं संबंध, कतर में परमाणु परमाणु बम बनी बात?



**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के ईरान के साथ "संबंध बहुत अच्छे चल रहे हैं" और कतर में हाल ही में हुई डिप्लोमैटिक बैठकों में अच्छी प्रगति हुई है। नॉर्थ डकोटा की यात्रा के लिए कतर द्वारा उपलब्ध कराए गए एयर फोर्स वन विमान में सवार होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ रही है, खासकर न्यूक्लियर डेवलपमेंट के मुद्दे पर। मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि ईरान का परमाणु-मुक्त होना अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है। उनकी बहुत अच्छी बैठकें हुई हैं, और देखते हैं क्या होता है।" उन्होंने कहा कि भले ही अतीत में दोनों देशों के बीच तनाव रहा हो, लेकिन अभी की कोशिशें ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने पर केंद्रित हैं।

ट्रंप ने कहा हमने उन पर बहुत कड़ा प्रहार किया था... लेकिन अब हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं। ट्रम्प के अनुसार, कतर में हाल ही में हुई बातचीत अच्छी रही, जिसमें दोनों पक्षों ने तनाव कम करने और आपसी समझ को बेहतर बनाने के उद्देश्य से संवाद किया। अमेरिकी प्रशासन तेहरान के साथ संबंधों को बेहतर ढंग से संभालने के व्यापक प्रयासों के तहत अप्रत्यक्ष और तकनीकी स्तर की वार्ता का सहारा ले रहा है, खासकर दोनों पक्षों के बीच पहले हुई गोलीबारी की घटनाओं के बाद।

वेंस का कहना है कि ईरान के इनकार के बावजूद बातचीत जारी है

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने मौजूदा हालात पर टिप्पणी करते हुए वॉशिंगटन के साथ शांति वार्ता से ईरान के सार्वजनिक इनकार को खारिज कर दिया। उन्होंने तेहरान के रुख को फारसी बातचीत की चाल बताया और जोर दिया कि दोनों देशों के बीच तकनीकी स्तर पर बातचीत जारी है। वेंस ने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा कि पहले से तय बातचीत, असल में तकनीकी बातचीत हो रही थी, जो हमारी पिछली बातचीत पर आधारित थी। वे निश्चित रूप से हो रही हैं। हम इस बात की बहुत कम परवाह करते हैं कि ईरानी क्या कहते हैं। हम इस बात की ज्यादा परवाह करते हैं कि वे क्या करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे बातचीत से नतीजा न निकलने की स्थिति में सभी विकल्प खुले रखते हुए कूटनीतिक प्रयास जारी रखें।

मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ा

पिछले हफ़्ते, होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट) से गुजर रहे एक कंटेनर जहाज को ईरान द्वारा निशाना बनाए जाने के बाद मिडिल ईस्ट में तनाव फिर से बढ़ गया।

## ब्रेन, हार्ट, लंग्स सब गायब, वेनेजुएला से आए भारतीय नाविक के शव को लेकर गहराया रहस्य



**वेनेजुएला**

**मई** में वेनेजुएला में ड्यूटी के दौरान मारे गए एक भारतीय नाविक के परिवार ने आरोप लगाया है कि लगभग एक महीने बाद जब उनका शव भारत पहुँचा, तो पोस्टमार्टम में पता चला कि उनके शरीर के सभी अंदरूनी अंग जिनमें दिमाग, लिवर और दिल शामिल हैं गायब थे। इस चौंकाने वाली बात के सामने आने के बाद, 'फेडरेशन ऑफ सीफेयरर्स यूनियंस ऑफ इंडिया' ने वेनेजुएला के अधिकारियों से पोस्टमार्टम रिपोर्ट या कोई अपडेट मिले बिना शव को भारत भेजने पर सवाल उठाए हैं। यूनियन ने इस मामले की गहन जाँच की भी माँग की है। 33 साल के राकेश चौहान मुंबई में अपनी पत्नी, छह महीने के बेटे, पिता और भाई के साथ रहते थे। यह परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के देवरिया ज़िले का रहने वाला है। उन्होंने नवंबर 2025 में मर्चेंट नेवी जॉइन की थी और वेनेजुएला में मरीन फिटर के तौर पर काम करते थे। 7 मई को उनके पिता रामदेव चौहान को उस कंपनी से फोन आया जहाँ उनका बेटा काम करता था। उन्हें बताया गया कि 33 साल का राकेश जहाज पर गिर गया है और उसे चोटें आई हैं। अगले दिन परिवार को बताया गया कि उसकी हालत गंभीर है और उसके बचने की संभावना सिर्फ़ पाँच प्रतिशत है। उसी शाम कंपनी ने परिवार को राकेश की मौत की जानकारी दी। कंपनी का कहना है कि चक्कर आने की वजह से वह गिर गया, उसे गंभीर चोटें आईं और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई; ऐसा लगता है कि मौत हार्ट अटैक से हुई। लेकिन उनके शरीर से कुछ अंगों के गायब होने से उनके परिवार वालों को शक हो रहा है।

## एंटवर्प शहर में 10 मंज़िला अपार्टमेंट बिल्डिंग में भीषण आग लगी



**बेल्जियम**

**बेल्जियम** के एंटवर्प शहर में 10 मंज़िला अपार्टमेंट बिल्डिंग में भीषण आग लगने से कई लोगों की मौत हो गई। आग एंटवर्प के लिंकेरोएवर इलाके में बनी इस रिहायशी इमारत की आठवीं मंज़िल पर लगी। इस अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स में 200 से ज्यादा लोग रहते हैं, जिसके कारण बड़े पैमाने पर आपातकालीन कार्रवाई शुरू की गई।

बड़े पैमाने पर लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का काम जारी है

आग बुझाने के लिए फायरफाइटर्स के काम में जुटने के साथ ही इमरजेंसी सर्विस की टीमें मौके पर पहुंचीं और लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का काम शुरू किया। पुलिस ने बताया कि आग के बड़े आकार और उसकी तेजी की वजह से मुश्किल हालात में फायरफाइटर्स आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे।

इस ऑपरेशन में मदद के लिए फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स और पुलिस अधिकारियों की कई टीमें, जिनमें एक खास ड्रोन यूनिट भी शामिल थी, तैनात की गईं। आस-पास के इलाके में रहने वाले लोगों को सलाह दी गई कि वे अपनी खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें और जरूरत पड़ने पर वेंटिलेशन सिस्टम बंद कर दें, क्योंकि इमारत से घना धुआं निकल रहा था। अधिकारियों ने अभी तक मरने वालों की सही संख्या या किसी और के घायल होने की पुष्टि नहीं की है। पुलिस ने कहा कि आग लगने की वजह की जांच की जा रही है और साथ ही यह भी कहा कि जैसे-जैसे रेस्क्यू ऑपरेशन और जांच आगे बढ़ेगी, और जानकारी दी जाएगी।

## खामनेई के जनाजे से पहले मोदी ने ईरान फोन घुमाया, क्या बात कर ली?



**ईरान**

**प्रधानमंत्री** मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजिश्कियान से फोन पर बात कर पश्चिम एशिया के ताजा हालात पर विस्तार से चर्चा की। बातचीत के दौरान ईरान के राष्ट्रपति प्रदेशयान ने हाल के घटनाक्रम और आगे की रणनीति की जानकारी प्रधानमंत्री मोदी को दी। इसके जवाब में पीएम मोदी ने क्षेत्र में तनाव कम करने की दिशा में हुई प्रगति का स्वागत किया और कहा कि सभी विवादों का हल सिर्फ बातचीत और कूटनीति के जरिए ही निकल सकता है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि इलाके में लंबे समय तक शांति और स्थिरता बनी रहे। इसके लिए लगातार कोशिशें जारी हैं। साथ ही समुद्री रास्तों से जहाजों की आवाजाही और अंतरराष्ट्रीय व्यापार बिना किसी रुकावट के चलता रहे यह भी बेहद अहम है। इस बातचीत में पीएम मोदी ने समुद्री रास्तों पर जोर दिया। बातचीत का बड़ा मुद्दा एक तरह से होर्मुज रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि समुद्री रास्ते पर जहाजों की आवाजाही किसी भी कीमत पर बाधित नहीं होनी चाहिए और देखा जाए तो इसकी वजह भी बेहद अहम है। दुनिया के करीब पांचवें हिस्से का कच्चा तेल और बड़ी मात्रा में एलएनजी होमस से होकर गुजरता है।

## भारत के दुश्मन पर इजरायल का सबसे बड़ा अटैक, पाकिस्तान का बुरा हाल!




**तुर्की**

**77** साल तक इजराइल तुर्की के इतिहास के सबसे विवादित मुद्दे पर चुप रहा। लेकिन अब उसने अचानक एक ऐसा कदम उठाया है जिसने तुर्की की टेंशन तो बढ़ा दी है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इस फैसले से भारत को भी रणनीतिक फायदा मिलेगा। दरअसल इजराइल की कैबिनेट ने एक प्रस्ताव को मंजूरी दी है। जिसमें 1915 में ऑटोमन साम्राज्य यानी कि आज के तुर्की द्वारा अर्मेनियाई लोगों की हुई हत्याओं को आधिकारिक तौर पर नरसंहार माना गया। हालांकि यह प्रस्ताव अभी अंतिम नहीं है क्योंकि इसे कानून बनाने के लिए इजराइली संसद की मंजूरी मिलना अभी बाकी है। अगर संसद भी इस इसे मंजूरी दे देती है तो इजराइल भी उन देशों में शामिल हो जाएगा जिन्होंने इस घटना को नरसंहार के रूप में स्वीकार किया है। दूसरी तरफ तुर्की आज भी इस शब्द को पूरी तरह खारिज करता है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि इजराइल ने 77 साल तक चुप रहने के बाद अचानक ऐसा फैसला इस तुर्की के खिलाफ क्यों लिया? इसकी सबसे बड़ी वजह है दोनों देशों के लगातार बिगड़ते हुए रिश्ते।

गाजा युद्ध के बाद तुर्की के राष्ट्रपति और एदोर्गन जो है यह लगातार इजराइल की आलोचना करते हुए नजर आए हैं। जवाब में अब इजराइल तुर्की पर सिर्फ सैन्य या फिर कूटनीतिक नहीं बल्कि ऐतिहासिक और नैतिक दबाव भी बनाना चाहता है। इसलिए कई एक्सपर्ट्स इस इजराइल के फैसले को इतिहास से ज्यादा मौजूद भू राजनीति का हिस्सा मान रहे हैं। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती है क्योंकि अब इसमें एंट्री होती है भारत की भी। तुर्की पिछले कई वर्षों से पाकिस्तान का खुला समर्थक रहा है और कश्मीर के मुद्दे पर भी भारत के खिलाफ लगातार बयान भी देता रहा है। वहीं तुर्की और अजरबजान के बीच भी बेहद करीबी रणनीतिक रिश्ते हैं। दूसरी तरफ भारत ने हाल के वर्षों में अर्मेनिया के साथ अपने रक्षा संबंध लगातार मजबूत किए हैं और उसे हथियार भी उपलब्ध कराए हैं। ऐसे में अगर इजराइल तुर्की पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाता है तो क्षेत्रीय शक्ति संतुलन भारत के लिए कुछ मामलों में पहले से ज्यादा अनुकूल हो सकता है। भारत ने जो रणनीतिक साझेदारी अर्मेनिया के साथ बनाई है, उससे प्रत्यक्ष कूटनीतिक मजबूती मिल सकती है। इसका मतलब यह बिल्कुल भी नहीं है कि भारत और इजराइल मिलकर तुर्की के खिलाफ कोई संयुक्त अभियान चला रहे हैं या फिर उसे निशाना कर रहे हैं। लेकिन इतना जरूर है कि तुर्की को लेकर दोनों देशों के रणनीतिक हित कई जगह पर एक दूसरे से करीब और मेल खाते हुए दिखाई दे रहे हैं। यही वजह है कि इस फैसले को सिर्फ इतिहास नहीं बल्कि बदलते वैश्विक समीकरण का एक बड़ा संकेत माना जा रहा है। अब सबकी नजर इजराइली संसद पर होगी।


अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा


## पाक में पाकिस्तानी सेना की बबार्दी शुरू, सड़कों पर जनसैलाब! हर तरफ मचा हंगामा



**पाकिस्तान**

**कश्मीर** पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। पाकिस्तान के टुकड़े-टुकड़े होने की शुरूआत हो चुकी है क्योंकि पीओके में बगावत की आग अब तेजी से भड़क रही है और अब पीओके की आवाम यह ऐलान कर रही है कि वो पाकिस्तानी तानाशाहों से पूरी तरह आजाद है। पीओके के लोग खुद यह ऐलान कर रहे हैं कि पीओके पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है और अगर अब हद पार की तो यह भारत के साथ आएंगे। हमें तुम्हारे राशन की जरूरत नहीं है। तुम्हें हमारी जरूरत है। तो हम किसी डिक्टेटर को नहीं मानते। कश्मीर के आवाम किसी डिक्टेटर को कबूल नहीं करेंगे। कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। रावलकोट से लेकर मुजफराबाद तक पाकिस्तान विरोधी नारों की गूंज इस वक्त सुनाई दे रही है।

पाकिस्तानी हुकूमत और सेना को सीधी चेतावनी दी है। गिरफ्तार लोगों की रिहाई और फौजी तैनाती वापस नहीं हुई तो आंदोलन और ज्यादा उग्र होगा।

पूरा पाकिस्तान मुनीर की जातियों और शहबाज की नीतियों से परेशान है। लेकिन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से मुनीर और शहबाज की हाइब्रिड सरकार को ओपन चैलेंज अब दे दिया गया है। लड़ाई लड़ रही पीओके की जनता ने यह कह दिया है कि वो किसी तानाशाह को नहीं मानती और पीओके पूरी तरह आजाद है। शहबाज सरकार को यह आईना और मुनीर के मुंह पर यह किसी तमाचे से कम नहीं है। रावलकोट की जो आवाम है इन्होंने इन दोनों के मुंह पर तमाचा मारा है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का यह वही इलाका है रावलकोट जहां पिछले तीन हफ्तों से हजारों लोग सड़कों पर डटे हुए हैं। महिलाएं, युवाएं, बुजुर्ग हर वर्ग का गुस्सा अब आजादी के आंदोलन में बदल चुका है। पीओके में जॉइंट आवामी एक्शन कमेटी यानी कि जैक के बैनर तले लोग पाकिस्तान सरकार के खिलाफ लामबंद हैं। सीधी चेतावनी दे रहे हैं। मांगे नहीं पूरी हुई तो फिर से आंदोलन का अगला चरण जो है ये शुरू होगा जो पहले से कई गुना ज्यादा खतरनाक होगा। रावलकोट में बड़ी-बड़ी रैलियां और इस वक्त प्रदर्शन हो रहे हैं। विशाल रैली में हजारों लोग पाकिस्तान विरोधी नारों के साथ अपनी आवाज को बुलंद कर रहे हैं। खुद पर हो रहे जुल्मों के खिलाफ आखिरी जंग का यह ऐलान कर चुके हैं। पीओके की आवाम इल्जाम लगा रही है। यह आरोप लगा रही है कि पाकिस्तानी सेना और रेंजर्स लगातार दमन कर रहे हैं।

कार्यकताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। जबरन में घरों पर छापे मारे जा रहे हैं और पूरे इलाके को सैन्य छावनी में बदला जा रहा है। प्रदर्शनकारियों का यह भी आरोप है कि पिछले तीन हफ्तों में 1500 से ज्यादा लोगों को हिरासत में ले लिया गया है और वह भी बिना कोई वजूद के बिना कोई वजह के। दरअसल पीओके में जैक सबसे एक्टिव पाकिस्तान विरोधी संगठनों में से एक है जो लंबे समय से पीओके की समस्याओं, महंगाई, बिजली, पानी की कमी और पाकिस्तानी शासन के खिलाफ आवाज उठाता रहा है और इस बार का मुख्य मुद्दा सुरक्षा बलों की भारी तैनाती और कार्यकताओं पर दमन है। प्रदर्शनकारियों का यह कहना है कि पाकिस्तानी हुकूमत और फौज पीओके को अपने कब्जे में रखने के लिए दमन की नीति अपना रही है।

# मजबूत लोकतंत्र के लिये दागी नेताओं से मुक्ति जरूरी

-ः ललित गर्गः-

**भारतीय** लोकतंत्र ने स्वतंत्रता के बाद अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं। आज भारत विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक शक्ति होने के साथ-साथ विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। वर्ष 2047 तक ह्यविकसित भारतह्व के लक्ष्य के साथ देश आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक नेतृत्व की नई ऊंचाइयों को छूने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। किंतु यह भी उतना ही बड़ा सत्य है कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति केवल उसकी अर्थव्यवस्था, सैन्य क्षमता अथवा तकनीकी विकास में नहीं, बल्कि उसकी राजनीति और शासन व्यवस्था की नैतिकता में निहित होती है। यदि लोकतंत्र की आत्मा को जीवित रखना है तो राजनीति को अपराध, भ्रष्टाचार और स्वार्थ की गिरफ्त से मुक्त करना ही होगा। आजादी के बाद से लगभग हर सरकार ने भ्रष्टाचार-मुक्त शासन, पारदर्शी प्रशासन और स्वच्छ राजनीति का वादा किया। अनेक आयोग बने, कानून बने और चुनाव सुधारों की चर्चाएं भी हुईं, लेकिन जब भी कोई ठोस एवं प्रभावी सुधार लागू करने का प्रयास हुआ, राजनीतिक दलों ने अपने-अपने हितों के अनुसार उसका समर्थन अथवा विरोध किया। परिणाम यह हुआ कि राजनीतिक शुचिता का प्रश्न आज भी अधूरा है। विडंबना यह है कि अब तक कोई ऐसा खाका सामने नहीं आ सका है, जिससे सिर्फ स्वच्छ छवि के लोगों को ही जनप्रतिनिधि बनने का अवसर मिले। यह और बड़ी विडम्बना है कि जिस विषय पर पूरे राष्ट्र की सहमति होनी चाहिए, वही विषय राजनीतिक टकराव का माध्यम बन जाता है।

आए दिन संसद और विधानसभाओं में आपराधिक पृष्ठभूमि से आने के बावजूद चुने गए जनप्रतिनिधियों की बढ़ती संख्या को लेकर चिंता तो जताई जाती है, मगर उसके हल को लेकर कोई ठोस पहल नहीं होती। संविधान के तहत केवल दोषी ठहराए गए जनप्रतिनिधियों को ही पद से हटाया जा सकता है और इस संबंध में संवैधानिक पद पर बैठे नेताओं को लेकर कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। इसी संदर्भ में भाजपा सरकार फिर से एक सौ तीसवें संविधान संशोधन विधेयक को संसद में पेश करने की तैयारी में है, जिसके तहत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या अन्य मंत्रियों को पाँच साल से ज्यादा सजा के प्रावधान वाले गंभीर अपराधों के लिए गिरफ्तार किए जाने और लगातार तीस दिनों तक हिरासत में रखे जाने पर पद से हटाने का प्रस्ताव है। अगर विधेयक की जांच के बाद संयुक्त संसदीय समिति इसे अपनी मंजूरी दे देती है, तो संसद के मानसून सत्र में इस पर बहस की संभावना है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अगस्त में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में यह विधेयक पेश किया था। हालांकि विपक्षी दलों की ओर से उठाई गई कई आपत्तियों के बाद इसकी जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया गया था, लेकिन कांग्रेस सहित ज्यादातर विपक्षी दलों ने अपनी चिंताओं को नजरअंदाज किए जाने की आशंका के मद्देनजर समिति का बहिष्कार कर दिया था।



निश्चित ही संसद और विधानसभाओं में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले जनप्रतिनिधियों की बढ़ती संख्या लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। यदि कोई जनप्रतिनिधि हत्या, बलात्कार, भ्रष्टाचार, आतंकवाद अथवा संगठित अपराध जैसे गंभीर मामलों में लंबे समय तक न्यायिक हिरासत में है, तो क्या वह जनता का प्रतिनिधित्व करने का नैतिक अधिकार बनाए रखता है? यह प्रश्न केवल कानूनी नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नैतिकता से जुड़ा हुआ प्रश्न है। हालांकि इस प्रकार के कानून पर कई संवैधानिक प्रश्न भी उठते हैं। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को तब तक निर्दोष मानता है जब तक अपराध सिद्ध न हो जाए। केवल आरोप के आधार पर किसी निर्वाचित प्रतिनिधि को पद से हटाना राजनीतिक प्रतिशोध का हथियार भी बन सकता है। विपक्षी दलों की यह आशंका पूरी तरह निराधार नहीं कही जा सकती कि यदि पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं होंगे तो सत्ता में बैठी सरकारें विरोधियों के विरुद्ध जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर सकती हैं। इसलिए किसी भी नए कानून में प्राकृतिक न्याय, न्यायिक समीक्षा और निष्पक्ष जांच की सुदृढ़ व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। लेकिन इन आशंकाओं के कारण सुधार की पूरी प्रक्रिया को रोक देना भी उचित नहीं होगा। लोकतंत्र में सुधार का अर्थ किसी दल को लाभ या हानि पहुंचाना नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को मजबूत करना है। यदि कानून संतुलित, पारदर्शी और न्यायसंगत हो तो वह लोकतंत्र को कमजोर नहीं बल्कि अधिक विश्वसनीय बनाता है।

भारत की राजनीति में अनेक ऐसे उदाहरण सामने आए हैं, जिन्होंने लोकतांत्रिक मयार्दाओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाए। बिहार में लालू प्रसाद यादव से लेकर दिल्ली में अरविंद केजरीवाल तथा उनके कुछ मंत्रियों तक, विभिन्न राजनीतिक दलों के अनेक नेता ऐसे रहे हैं जो गंभीर आरोपों अथवा जेल में रहने के बावजूद सत्ता पर बने रहने का प्रयास करते रहे। यह किसी एक दल का प्रश्न नहीं है, लगभग सभी बड़े राजनीतिक दल समय-समय पर इस आलोचना के घेरे में रहे हैं। जेल से सरकार चलाने अथवा संवैधानिक पद पर बने रहने की मानसिकता लोकतंत्र की गरिमा के अनुकूल नहीं कही जा सकती। यह सही है कि कानून अपना कार्य करेगा और न्यायालय अंतिम निर्णय देगा, किंतु सार्वजनिक जीवन केवल कानूनी वैधता से नहीं चलता, उसका आधार नैतिक वैधता भी होती है। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि केवल अधिकारों का नहीं, बल्कि आदर्शों का भी प्रतीक होता है। यदि उसके ऊपर गंभीर आरोप हों और वह फिर भी पद से चिपका रहे, तो जनता का लोकतांत्रिक विश्वास कमजोर पड़ता है। राजनीति में पद त्यागना पराजय नहीं, बल्कि नैतिक साहस का परिचायक होता है।

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का जो लक्ष्य रखा है, उसमें आर्थिक प्रगति के साथ सुशासन, डिजिटल पारदर्शिता, भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन और जनभागीदारी पर विशेष बल दिया गया है। विकसित भारत केवल ऊंची इमारतों, एक्सप्रेस-वे, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तेज आर्थिक विकास से नहीं बनेगा, वह तभी बनेगा जब शासन चलाने वाले व्यक्तियों की विश्वसनीयता भी उतनी ही मजबूत होगी।

विश्वगुरु बनने की आकांक्षा रखने वाले राष्ट्र की राजनीति भी विश्व के लिए आदर्श बननी चाहिए। आज आवश्यकता केवल कानून बदलने की नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति बदलने की भी है। राजनीतिक दलों को चुनावी टिकट देते समय उम्मीदवार के चरित्र, सार्वजनिक जीवन, सामाजिक सेवा और नैतिक छवि को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय कई बार राजनीतिक दलों से आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को टिकट देने का कारण सार्वजनिक करने को कह चुका है, किंतु व्यवहार में इसमें अपेक्षित परिवर्तन दिखाई नहीं देता।

यदि राजनीतिक दल स्वयं आत्मानुशासन नहीं अपनाएंगे, तो केवल कानून से समस्या का समाधान संभव नहीं होगा।

इसके साथ ही न्यायिक प्रक्रिया में भी व्यापक सुधार अपेक्षित हैं। जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों का वर्षों तक लंबित रहना लोकतंत्र के लिए घातक है। विशेष न्यायालयों द्वारा समयबद्ध सुनवाई, निष्पक्ष जांच और शीघ्र निर्णय की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि न निर्दोष व्यक्ति वर्षों तक संदेह के घेरे में रहे और न दोषी व्यक्ति कानून की तकनीकी जटिलताओं का लाभ उठाकर जनता का प्रतिनिधित्व करता रहे। लोकतंत्र की सफलता केवल संविधान से नहीं, बल्कि राजनीतिक चरित्र से सुनिश्चित होती है। जब तक राजनीति में नैतिकता, सेवा, त्याग और उत्तरदायित्व की भावना नहीं आएगी, तब तक भ्रष्टाचार और अपराध का दुष्चक्र पूरी तरह समाप्त नहीं होगा। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, किंतु राष्ट्रीय हित से जुड़े सुधारों का विरोध केवल राजनीतिक लाभ-हानि के आधार पर नहीं होना चाहिए। यदि किसी प्रस्ताव में कमियां हैं तो उन्हें सुधारने के सुझाव दिए जाएं, लेकिन सुधार की दिशा को अवरुद्ध करना लोकतांत्रिक परिपक्वता का परिचायक नहीं माना जा सकता।

आज भारत एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। एक ओर विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और विश्वगुरु भारत का स्वप्न है, तो दूसरी ओर राजनीति की विश्वसनीयता को पुनर्स्थापित करने की चुनौती भी है। इन दोनों लक्ष्यों को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। आर्थिक विकास और नैतिक विकास समानांतर चलेंगे तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा।

समय की पुकार है कि सत्ता और विपक्ष दोनों दल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से ऊपर उठकर लोकतंत्र की पवित्रता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। देश की राजनीति को आपराधिक छवि के लोगों से मुक्त करना जरूरी है, लेकिन इसके लिए जो कानून बने, उसमें अपराधों की प्रकृति स्पष्ट किए जाने से लेकर ऐसे सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाने की जरूरत है, ताकि महज बदले या किसी सरकार को अस्थिर करने की मंशा से इसका दुरुपयोग न हो सके।

# ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान साहब






**अदम्य** साहस,असीम शक्ति,अथक प्रयास,राष्ट्र प्रेम और देश सेवा के अद्वितीय दृष्टिकोण के साथ (15 जुलाई 1912) को तत्कालीन संयुक्त प्रांत आगरा व अवध तथा पूर्वांचल के जनपद मऊ में ग्रामसभा बीबीपुर के जनाब मोहम्मद फारूक खुनम्बीर उर्फ (खान बहादुर) व जमीलुन बीबी के घर जन्मे,नन्हे बालक ने केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपने अतुलनीय और अविस्मरणीय कार्य तथा सर्वोच्च बलिदान देकर वस्तुतः एक अमित छाप छोड़ा है। पिता स्वयं एक पुलिस अधिकारी(कोतवाल)होते हुए अपने बच्चों को प्रशासनिक सेवा में भेजना चाहते थें,परंतु बचपन से ही अत्यंत साहसी व पराक्रमी बालक उस्मान ने देश सेवा करने को ठान लिया था।उस्मान ने में महज बारह वर्ष की अल्पायु में,अपने गांव के डूबते हुए एक बच्चे को कुएं में छलांग लगाकर उसकी जान बचाया था। उस्मान की प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा गांव से ही पूर्ण हुई। युवावस्था में ही वह इंग्लैंड की प्रतिष्ठित ह्लरॉयल मिलट्री अकेडमीह्व सेंडहॉर्स्ट में चुने गए, 1932 में वहां दाखिला लिया, (12 मार्च 1934) को एक वर्ष के लिए कैमरूनियन की पहली बटालियन में ब्रिटिश भारत में जुड़े, तत्पश्चात (19 मार्च 1935) को (23) की अवस्था में सर्वप्रथम सक्रिय रूप से ब्रिटिश भारतीय सेना सेवा में नियुक्त हुएं,और दसवीं बलोच रेजीमेंट (5/10) की पांचवी बटालियन में तैनात हुए। 1935 में ही ह्लमोहम्मंद-अभियानह्व के दौरान उत्तर-पश्चिमी सीमांत पर सक्रिय सेवा दी,तथा नवंबर (1935) में ही उर्दू में प्रथम श्रेणी दुभाषिया के रूप में योग्यता प्राप्त की। उस्मान साहब का (30 अप्रैल 1936) को लेफ्टिनेंट तथा (31 अगस्त 1941) को कैप्टन के पद पर पदोन्नति किया गया। फरवरी से जुलाई 1942 तक क्वेंटो में भारतीय सेवा स्टाफ कॉलेज में भाग लिया तथा अप्रैल 1944 तक वे एक अस्थाई मेजर थें। (25 दिसंबर 1945) को सुप्रसिद्ध लंदन गजट में उनका एक अस्थाई मेजर के रूप में उल्लेख किया गया और अप्रैल (1945 से 1946)तक दसवीं बलोच (14/10) की 14वीं बटालियन की उन्होंने कमान संभाली। विभाजन दौरान जब पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान ने उन्हें सेना प्रमुख बनने का प्रस्ताव दिया तो उस्मान साहब ने ह्लवतन-ए-प्रेमह्व का काबिल मिसाल पेश करते हुए उनके प्रस्ताव को ठुकरा कर आजीवन भारत में रहने का निर्णय लिया। सन् 1947 में उन्हें 50वीं पैराशूट ब्रिगेड की कमान सौंपी गई। मीरपुर और कोटली से आने वाली सड़कों के जंक्शन पर स्थित झांगड रणनीतिक रूप से अति महत्वपूर्ण था। उन दिनों उस्मान साहब झांगड को पुनः प्राप्त करने की शपथ ठान लिए थे,और इसीलिए शपथ पूर्ण होने के तीन महीनों तक बिस्तर पर ना सोते हुए,नीचे केवल चटाई पर सोकर,अपने शपथ को पूर्ण किया।

जनवरी-फरवरी 1948 में जम्मू कश्मीर के झांगड और नौशेरा पर हुए हमलों को विफल किया,जिसमें 2000 पाकिस्तानी सैनिकों (1000 मृत और 1000 घायल) को क्षति पहुंचाते हुए अपने मात्र (33 मृत और 102 घायल) भारतीय सैनिकों के साथ यह मुकाबला पूर्ण किया, उनके इसी अप्रतिम पराक्रमी कार्य के लिए उन्हें "नौशेरा का शेरह्व नामक उपाधि मिली। पाकिस्तानी सेना में उस्मान साहब का खौफ इस कदर बढ़ा कि उनके ऊपर (50000) रूपए का इनाम घोषित किया गया। सन् 1948 में पाकिस्तान ने अपने नियमित सेना को पुनःविशेष कर झांगड प्राप्त करने हेतु तोपखाने से बमबारी व जोरदार हमला कराया,परंतु उस्मान साहब ने अकेले ही उनके प्रयासों पर पानी फेर दिया। झांगड के इसी झगड़े के दौरान (3 जुलाई 1948) को दुश्मन के 25 पाउंडर गोले से उस्मान साहब शहीद हो गए,और ह्लवतन-ए-हिन्दह्व के लिए अपना प्राण बलिदान देकर मात्र (35 वर्ष 11माह और 18 दिन)के अपने गौरवपूर्ण, ऐतिहासिक व प्रेरणास्त्रोत जीवन के सफर को परिपूर्ण किया। उस्मान साहब को नई दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया परिसर के पास ओखला कब्रिस्तान में दफनाया गया। शुक्रगुजार हूं फिल्म निर्देशक रंजन कुमार सिंह और उपेंद्र सूद का जिन्होंने सन् 2020 में (नौशेरा का शेर) नामक चित्रण करते हुए,उनके कब्र के तत्कालीन दशा को यथास्थिति प्रदर्शित करते हुए, कब्र के विकृत पत्थर व क्षतिग्रस्त अवस्था से अवगत कराया, जिसके परिणाम स्वरुप भारतीय सेना द्वारा शहीद स्थल का जीर्णोद्धार कराकर मरम्मत किया गया। आज मैं,उनके (78) वें शहादत दिवस पर उनके जन्म स्थान व हम दोनों के गृह जनपद मऊ से इस लेख को लिखते हुए, अत्यंत सौभाग्यशाली व गर्वान्वित महसूस कर रहा हूं। अंततः उस्मान साहब एक महान व्यक्तित्व,कुशल नेतृत्व,सरल भ्रातृत्व,साहस और आत्मबल के श्रेष्ठ उदाहरण हैं। ब्रिगेडियर साहब अतीत वर्तमान और भविष्य तीनों के प्रेरणाश्रोत हैं।उनके अंतिम शब्द आने वाली हर पीढ़ियों में राष्ट्र प्रेम की अलख जगाएंगी,जो इस प्रकार हैः.....मैं मर रहा हूँ, लेकिन जिस जमीन के लिए हम लड़ रहे हैं, उसे दुश्मन के हाथ में मत जाने देना।"उनकी बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान के लिए ही, उन्हें मरणोपरांत 'महावीर चक्र' से भी सम्मानित किया गया था।

## हाईवे पर ट्रेलर ने बैक करते समय पिकअप में मारी टक्कर चालक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर** अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर देहात कोतवाली क्षेत्र के बिसानी मोड़ स्थित सूर्या ढाबा के पास गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे में पिकअप चालक की मौत हो गई मृतक की पहचान खानापुर निवासी पप्पू मिश्र पुत्र स्वामीनाथ मिश्र के रूप में हुई हैं बताया जा रहा हैं कि हाईवे पर एक ट्रेलर वाहन ने बैक करते समय पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया आस-पास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा देहात कोतवाल धर्मवीर सिंह ने बताया कि वाहन कब्जे में लिया गया हैं ट्रेलर चालक की तलाश की जा रही हैं।

## भट्ठा संचालकों ने डीएम से रखीं समस्याएं

### नियमों का पालन कर खनन के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। जनपद** के ईंट-भट्ठा संचालकों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को जिलाधिकारी शैलेष कुमार से मुलाकात कर ईंट-भट्ठों के संचालन के लिए मिट्टी की उपलब्धता, खनन अनुमति और परिवहन व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक प्रक्रियाओं को लेकर भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में संचालकों ने कहा कि ईंट निर्माण कार्य के लिए समय पर मिट्टी उपलब्ध होना जरूरी है। उन्होंने खनन पट्टों, अनुमति प्रक्रिया और परिवहन संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में सभी खनन



गतिविधियां शासन की गाइडलाइन के अनुरूप, पारदर्शी और वैधानिक तरीके से संचालित कराई जाएंगी। पात्र लोगों को नियमानुसार आवश्यक अनुमति दी जाएगी और अनावश्यक परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि मिट्टी का परिवहन करने वाले सभी वाहनों का संचालन केवल वैध ड्राइविंग लाइसेंसधारी चालक ही करें। प्रत्येक खनन स्थल पर सूचना पट्ट लगाया जाए, क्षेत्र का सीमांकन किया जाए तथा सुरक्षा के लिए आवश्यक चेतावनी संकेत भी लगाए जाएं। डीएम ने स्पष्ट किया कि पर्यावरणीय मानकों और खनन नियमों का पालन अनिवार्य है। अवैध खनन, अनधिकृत परिवहन या नियमों के उल्लंघन पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रशासन और भट्ठा संचालकों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।

## रबी फसल के अनुदानित बीजों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू, ई-लॉटरी से होगा आवंटन



**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। रबी** फसल वर्ष 2026-27 के लिए अनुदानित बीज और निःशुल्क मिनीकिट वितरण योजना के तहत ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो गई है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने किसानों से समय रहते पंजीकरण कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि किसान कृषि विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा निकटतम कृषि विभाग कार्यालय या राजकीय कृषि बीज भंडार पर भी पंजीकरण कराया जा सकता है।

पहले चरण में तोरिया के बीजों की बुकिंग 16 अगस्त तक होगी और 17 अगस्त को ई-लॉटरी के जरिए लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। वहीं चना, मटर, मसूर, राई, सरसों और अलसी के लिए 10 जुलाई से 10 सितंबर तक आवेदन लिए जाएंगे, जबकि गेहूं और जौ के लिए बुकिंग 30 सितंबर तक चलेगी। इन फसलों के बीजों का आवंटन भी ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि योजना के दूसरे और तीसरे चरण भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित होंगे। उन्होंने संभावित एल नीनो के प्रभाव को देखते हुए किसानों को कम पानी वाली वैकल्पिक फसलों की खेती अपनाने की सलाह दी। धान के साथ ज्वार, बाजरा, मक्का, उड़द, मूंग, अरहर, तिल और श्री अन्न (मिलेट्स) की बुवाई पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि इन फसलों के गुणवत्तायुक्त बीज 50 से 100 प्रतिशत तक अनुदान पर उपलब्ध हैं। किसान समय पर बीज प्राप्त कर बुवाई की तैयारी करें और अधिक जानकारी के लिए कृषि विभाग या निकटतम राजकीय कृषि बीज भंडार से संपर्क करें।

## तिरहुत बाजार में सड़क किनारे कूड़े का अंबार, सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर** बल्दीराय क्षेत्र के तिरहुत बाजार में मुख्य सड़क के किनारे कूड़ा-कचरे का अंबार लगा होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। लंबे समय से कचरा न उठाए जाने के कारण क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है, जिससे राहगीरों, दुकानदारों और बाजार आने वाले लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार बाजार में नियमित सफाई व्यवस्था न होने के कारण सड़क किनारे कूड़े के ढेर जमा हो गए हैं। बारिश के मौसम में



स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। सड़ते हुए कचरे से मच्छरों और अन्य संक्रमण फैलाने वाले जीवों की संख्या बढ़ रही है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है व्यापारियों और ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायत का ध्यान इस समस्या की ओर दिलाया गया।

## सुल्तानपुर में पुलिस का बड़ा एक्शन,50 हजार का इनामी समेत चार शातिर चोर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर** जिले में लगातार हो रही चोरी और नकबजनी की घटनाओं के बीच जयसिंहपुर पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की। पीढ़ी टोल प्लाजा के पास हुई पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश समेत चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया।मुठभेड़ के दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की,जिसके जवाब में हुई कार्रवाई में तीन बदमाशों के पैर में गोली लगी। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी जयसिंहपुर भेजा गया।अपर पुलिस अधीक्षक बृज नारायण सिंह ने बताया कि




जयसिंहपुर पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी।इसी दौरान सूचना मिली कि कंपास जीप में सवार बदमाश चोरी की वारदात को अंजाम देने की नीयत से इलाके में घूम रहे हैं।पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन रोकने का प्रयास किया,लेकिन बदमाश भाग निकले और पीछा करने पर पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने चारों को दबोच लिया।गिरफ्तार आरोपियों में अनिकेत चौहान सीतापुर पर 52 मुकदमे दर्ज हैं और वह 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश है।